रविवार, 14 दिसम्बर 2025

मौसम

तापमान 15 – 26
आर्द्रता 70%
सूर्योदय: 06:03 सूर्यास्त: 16:52

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में गिल की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : भरोसा खुद पर रखो तो ताकत और दूसरे पर रखो तो कमजोरी बन जाता है।

# कोलकाता में फ्लॉप तो हैदराबाद में सुपरहिट रहा लियोनेल मेसी शो

## साल्टलेक स्टेडियम में मेसी के कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था, 22 मिनट में स्टेडियम से निकले मेसी

- **मेसी को नहीं देख पाए फैंस ने स्टेडियम में कुर्सियां तोड़ीं, बोतलें फेंकी**
- **उग्र भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई जख्मी**
- **स्थिति बिगड़ती देख मेसी को स्टेडियम से निकालकर ले जाया गया एयरपोर्ट**
- **ममता ने मेसी व उनके प्रशंसकों से मांगी माफी, जांच कमिटी गठित की**
- **समारोह में शामिल होने जा रहीं मुख्यमंत्री बीच रास्ते से ही लौटीं, शाहरुख भी नहीं गए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में शनिवार को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोनेल मेसी के सम्मान समारोह के दौरान उनके प्रशंसकों द्वारा भारी हंगामा, तोड़फोड़ और अव्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरी नाराजगी और दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर इस पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।

ममता ने कहा कि वह खुद हजारों खेल प्रेमियों और फुटबाल प्रशंसकों के साथ साल्टलेक स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं, जहां सभी अपने पसंदीदा फुटबालर लियोन मेसी की एक झलक पाने को उत्साहित थे। लेकिन कार्यक्रम के दौरान जिस तरह की अव्यवस्था और कुप्रबंधन देखने को मिला, उससे वह बेहद आहत और स्तब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लियोन मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से दिल से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य सरकार और आयोजन से जुड़े सभी लोगों के लिए शर्मनाक है और ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होनी चाहिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए ममता ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति के गठन की भी घोषणा की है। यह समिति रिटायर्ड जज जस्टिस आशिम कुमार रे की अध्यक्षता में बनाई गई है। समिति में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के अलावा गृह और पहाड़ मामलों के विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जांच समिति पूरे मामले की विस्तार से जांच करेगी, यह तय करेगी कि अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन था और भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि जिम्मेदारी तय की जाएगी और ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल, इस दिन, साल्टलेक स्टेडियम में सम्मान समारोह के दौरान मेसी को ठीक से नहीं देख पाने से गुस्साए हजारों दर्शकों ने स्टेडियम में पानी की बोतलें फेंकने शुरू कर दीं और उसके बाद ग्राउंड पर उतरकर तोड़फोड़ की। सुरक्षा कारणों से निर्धारित समय से पहले मेसी को स्टेडियम से निकालकर ले जाया गया।। समारोह में शामिल होने जा रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बीच रास्ते से लौट गईं। उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोग जख्मी हो गए। मेसी के स्टेडियम की परिक्रमा करने के दौरान हंगामा शुरू हुआ। दर्शकों का आरोप है कि मेसी को करीब 100 लोगों ने घेर रखा था, जिसके कारण वे उन्हें देख नहीं पा रहे थे। उन्होंने हजारों रुपये खर्च करके टिकट खरीदा था।



मेसी की झलक न देख पाने से बिफरे फैंस





## मेसी ने हैदराबाद को मंत्रमुग्ध किया

**हैदराबाद :** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम का शो सुपरहिट रहा। मेस्सी करीब एक घंटे मैदान में रहे। इस दौरान उन्होंने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के साथ फुटबॉल भी खेला और प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिए खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी दी। लियोनल मेसी ने शो के आखिरी में हैदराबाद के क्राउड का धन्यवाद भी दिया। कोलकाता लेग में मेस्सी के इवेंट में अराजकता हुई थी, लेकिन हैदराबाद शो में फैंस को निराशा नहीं मिली, क्योंकि दिग्गज फुटबॉलर ने क्राउड की तरफ कुछ बॉल भी किक की और मैदान में काफी देर तक खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल भी खेला। मेसी ने राहुल गांधी के साथ साथ आयोजन कर्ताओं को टोकन ऑफ अप्रीसेशन भी दिया।



## मेसी के कार्यक्रम में अराजकता के लिए मुख्य आयोजक को गिरफ्तार किया गया : डीजीपी



- **कहा... 'मेसी की झलक न पाने से निराश फैंस का पैंसा वापस होगा'**

साल्टलेक स्टेडियम में शनिवार को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के सम्मान समारोह के दौरान हुई अराजकता पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने कहा कि घटना के बाद कार्यक्रम के मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना को लेकर पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी ने कहा कि मेसी को कोलकाता लाने व कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता को कोलकाता हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए डीजीपी ने कहा कि इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं कि यह कुप्रबंधन बिना सजा के न जाए। डीजीपी ने कहा कि प्रशंसकों में किसी तरह का गुस्सा या बेचैनी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मेसी खेलने नहीं आ रहे हैं। जबकि, कार्यक्रम की योजना यह थी कि वे यहां आएंगे, दर्शकों का अभिवादन करेंगे, कुछ विशिष्ट लोगों से मिलेंगे और फिर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घटना के तुरंत बाद एक जांच कमेटी बना दी है जो सभी पहलुओं को देखेगी, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या आयोजकों की तरफ़ से कोई कुप्रबंधन हुआ था या कुछ अन्य बात थी। डीजीपी ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : एडीजी

वहीं, इस घटना पर राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने पत्रकारों से कहा कि एफआइआर दर्ज कर ली गई है। मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालात अब सामान्य है। सब सुरक्षित वापस चले गए हैं। हम स्थिति पर नजर रखे हैं। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशंसकों को जो गुस्सा है कि उनके साथ धोखा हुआ है, इसमें क्या हुआ, कैसे हुआ यह सब गहन जांच के बाद पता चलेगा। जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक्शन जरूर लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन प्रशंसकों के साथ धोखा हुआ है, उन्हें मुआवज़ा मिले और इन सभी बातों पर ध्यान दिया जाएगा। मैं आपको बता रहा हूं, वे (आयोजक) ने वादा किया है कि वे (प्रशंसकों को टिकट का पूरा पैसा) वापस करेंगे। हम देखेंगे कि यह कैसे किया जा सकता है।






## केरल : तिरुवनंतपुरम निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

### चार दशकों से काबिज एलडीएफ से छीनी सत्ता



**तिरुवनंतपुरम :** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शानदार जीत हासिल की। राजग ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को शिकस्त देकर निगम पर लगातार 45 वर्षों के वामपंथी शासन का अंत कर दिया। विश्लेषकों का मानना है कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मिली जीत से 2026 के विधानसभा चुनाव में विशेष रूप से राज्य की राजधानी में भाजपा की संभावनाओं को काफी बल मिलेगा। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्ड में से भाजपा को 50 में, एलडीएफ को 29 में, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)को 19 में और दो निर्दलीय को जीत मिली है। भाजपा सदन में बहुमत हासिल करने से महज एक वार्ड दूर है। इसके अलावा, राजग ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ कड़ी टक्कर के बाद पलक्कड़ नगरपालिका को बरकरार रखा और कांग्रेस को त्रिप्पुनिथुरा नगरपालिका में शिकस्त दी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुरेश गोपी ने त्रिशूर सीट पर जीत दर्ज की थी। इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कोडुंगल्लूर नगरपालिका के 46 वार्डों में से भाजपा ने 18 पर, त्रिशूर निगम में आठ, गुरुवायूर और वडक्कनचेरी नगरपालिकाओं के दो-दो, कुन्नमकुलम नगरपालिका के सात, इरिंजलकुडा नगरपालिका के छह और चालकुडी नगरपालिका के एक वार्ड में जीत हासिल की है। भाजपा ने त्रिशूर जिले के प्रखंड पंचायतों के चार वार्ड में और ग्राम पंचायतों में 167 वार्ड जीत हासिल की लेकिन जिला पंचायत में खाता नहीं खोल सकी। केरल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपराह्न ढाई बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने केरल में 1,085 ग्राम पंचायत वार्ड और 44 प्रखंड पंचायत वार्ड में जीत दर्ज की है।

**राजग की जीत केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण: प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग को मिले जनादेश को केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण बताया और शानदार नतीजों के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।वामपंथी दलों को तिरुवनंतपुरम नगर निगम में बड़ा झटका लगा, जिस पर उनका 45 वर्षों से कब्जा था। वहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने भारी बढ़त हासिल कर ली है।

**थरूर ने तिरुवनंतपुरम निगम चुनाव में भाजपा की जीत को लोकतंत्र की सुंदरता बताया**

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शनिवार को केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में यूडीएफ की जीत की सराहना करते हुए, अपने तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए उसे बधाई दी और इसे लोकतंत्र की सुंदरता बताया।




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 दिसम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष दशमी, 18:51 तक, नक्षत्र : हस्त, 08:13 तक, योग : सौभाग्य, 11:44 तक, सूर्योदय: 06:07, सूर्यास्त: 16:54, चन्द्रोदय : 01:06, चन्द्रास्त: 12:54, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 15:30 से 16:50

## साप्ताहिक : राशिफल 14-12-25 से 20-12-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह मेष राशि के जातकों को सेहत को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी है। अगर कोई परेशानी है तो डॉक्टर से उचित परामर्श लेते रहें। वहीं , इस आने वाले नए सप्ताह में व्यापारियों को अपने निर्णय लेने में कोई जल्दबाजी नहीं करनी है, वरना बाद में पछताना पड़ सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपके कामों को देखकर प्रमोशन के चांस बन रहे हैं। आपके रुपए-पैसे की बात करें तो इस सप्ताह आप बेवजह खर्चों से परेशान रहेंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह आपकी सेहत में परेशानी दिखाई दे रही है। आपके पेट से संबंधित दिक्कत हो सकती है परहेज करें। आपको बिजनेस में मेहनत करनी होगी, जिसका परिणाम साकारात्मक होगा। किसी डील के पूरे ना होने से आप परेशान हो सकते हैं। नौकरी में अभी किसी भी प्रकार का कोई बदलाव ना करें। आपके प्रेम-संबंधों की बात करें, तो जो जातक सिंगल है उन्हें पार्टनर मिल सकता है, वहीं, वैवाहिक संबंधों में चल रही परेशानियां दूर होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी इस सप्ताह पहले से बेहतर रहेगी।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों को स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। इस पर आपका काफी धन खर्च होगा। नए सप्ताह में आपका बिजनेस बढ़िया रहेगा। आपकी मुलाकात नए-नए लोगों से हो सकती है, जिससे व्यापार और अच्छा चलेगा। नौकरी वाले जातक नई नौकरी के बारे में मत सोचें। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी से अनबन हो सकती है, सावधान रहें। आपके रुपए पैसे की बात करें तो इस सप्ताह आपका पैसा धार्मिक यात्राओं पर खर्च हो सकता है। आप अपनी इनकम बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम उठा सकते हैं। छात्र अपनी शिक्षा पर फोकस बनाए रखें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें तो आपको सावधान रहना होगा। पेट की समस्या परेशान कर सकती है। आपको व्यापार को लेकर इस सप्ताह टेंशन रहेगी। नौकरीपेशा वाले जातक निर्णय लेने में परेशान रहेंगे। इस सप्ताह आपका प्रेम-संबंधों गति पकड़ेगा। प्रेमी हो मुलाकात रोमानी रहेगी। वैवाहिक जीवन भी अच्छा चलेगा। आने वाले नए सप्ताह में खर्चा बढ़ा रहेगा। यदि आप शेयर मार्केट में निवेश करना चाहते हैं तो मार्केट की चाल देखकर ही फैसला लें। छात्रों को पढ़ाई को लेकर गंभीर रहना होगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस राशि के जातकों के लिए नया सप्ताह तनावभरा हो सकता है। आपकी सेहत बिगड़ सकती है। ध्यान रखें। व्यापारियों के लिए यह सप्ताह फलदायक रहेगा। डिजाइनिंग करने वाले जातकों को बड़ी डील मिल सकती है नौकरी में सावधानी रखनी होगी। आपके प्रेम-संबंध प्रगाढ़ होंगे। वैवाहिक जीवन में भी आप सावधान रहें। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। निवेश करने से लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिए यह सप्ताह खुशियां लेकर आ रह है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** नये सप्ताह की शुरुआत कमजोर स्वास्थ्य के साथ हो रही है। टेंशन को स्वास्थ्य पर हावी मत होने दें। नौकरी के मामले में यह सप्ताह संतोषजनक रहेगा। जो काम दिया जाए उसे चुपचाप शांति से निपटाएं। वहीं, बिजनेस करने वालों को यात्राएं करनी पड़ सकती हैं, जिसका फल उन्हें भविष्य में मिलेगा। प्रेम-संबंधों में सावधानी बरतें। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। वहीं, नए सप्ताह में आपका काफी धन खर्च हो सकता है। प्लान बनाकर काम करें। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। सीनियर से सलाह लेते रहें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह तुला राशि के जातकों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आपकी रोग- प्रतिरोधक क्षमता बढेग़ी। व्यापार में यदि आपने कोई योजना पहले बनाई थी, तो फलीभूत करने का समय आ गया है। नौकरी वाले जातकों को इस सप्ताह ऑफिस में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आपके प्रेम-संबंध थोड़ा परेशानी वाले रहेंगे। अपने साथी से थोड़े परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक संबंध में किसी गलतफहमी के चलते जीवनसाथी से तनाव हो सकता है। छात्र ज्ञान को बढ़ाने में लगे रहें। सफल होंगे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** दिसंबर का नया सप्ताह इस राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहेगा। स्वास्थ्य भी साथ देगा। वहीं, आपका बिजनेस प्रगति करेगा। नौकरीपेशा वाले जातक पॉलिटिक्स से बचकर रहे। वाद-विवाद भी हो सकता है। प्रेम-संबंधों की बात करें तो प्यार की तलाश करने वालों को नया साथी मिल सकता है। वैवाहिक संबंध में टेंशन को बढ़ने मत दें, आपके रुपए-पैसे की बात करें तो इस सप्ताह निवेश से दूरी बनाएं रखें। छात्रों को परीक्षा में सफलता पाने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** नए सप्ताह में अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें। आंखों से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। बिजनेस में मेहनत के मुकाबले फल नहीं मिलेगा। इससे निराश ना हों। वहीं, नौकरीपेशा वाले जातक नौकरी में बदलाव करना चाहते हैं तो यह सबसे उपयुक्त समय है। आपके प्रेम-संबंधों की बात करें तो प्रेम जीवन जी रहे लोगों की मनोकामना पूरी होगी। वैवाहिक संबंध में जीवनसाथी की बातों को महत्व दें। आपके रुपए-पैसे की हालत भी बढ़िया रहेगी। आपको आए के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह मकर राशि के जातकों को सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। रूटीन चेकअप कराते रहें। सांस से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। इस सप्ताह आपका व्यापार अच्छा चलेगा। कोई बहुत दिनों से अटका हुआ प्रोजेक्ट फिर से हाथ लग सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए भी अच्छा समय रहेगा। वह अपने नौकरी में जिम्मेदारी से कार्य करते रहें। आपके प्रेम-संबंधों में रोमानीपन आएगा। दांपत्य जीवन की बात करें तो यह भी अच्छा रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस राशि के जातकों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी इम्यूनिटी डाउन रहेगी, जिसके चलते कमजोरी महसूस हो सकती है। अपनी फिटनेस को लेकर लापरवाही ना बरतें। अपने बिजनेस को लेकर आपको मेहनत अधिक करनी होगी। नौकरी वाले जातक नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। प्रेम संबंधों की बात करें तो प्रेमियों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन में मतभेद दूर होंगे। आपकी शिक्षा और ज्ञान के लिए समय ठीक नहीं है। मेहनत ज्यादा करनी होगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें। व्यापार में आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आपको मेहनत का फल भी मिलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। यदि आप नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे हैं तो इसी नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आपके प्रेम-संबंधो में जो तनाव चल रहा था तो वह दूर हो सकता है। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे। आपका परिवार आपका साथ देगा। आपके धन और रुपए की बात करें तो इस सप्ताह आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी, इसलिए दिखावे में आकर धन खर्च ना करें। शिक्षा और ज्ञान की बात करें तो विद्यार्थियों को किसी प्रकार की टेंशन हो सकती है।

# नीतीश ने नए विभागों के कार्यभार मंत्रियों के बीच आवंटित किए, नागरिक उड्डयन विभाग अपने पास रखा



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवगठित विभागों के कार्यभार मंत्रियों के बीच आवंटित कर दिए हैं, जबकि नागरिक उड्डयन विभाग उन्होंने अपने पास रखा है। एक आधिकारिक अधिसूचना से यह जानकारी मिली। बिहार मंत्रिमंडल ने नौ दिसंबर को तीन नए विभागों युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और नागरिक उड्डयन विभाग के गठन के प्रस्तावों को मंजूरी दी एवं तीन अन्य विभागों के नाम बदल दिए। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का नाम बदलकर डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग कर दिया गया; श्रम संसाधन विभाग का नाम बदलकर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग कर दिया गया, और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का नाम बदलकर कला एवं संस्कृति विभाग कर दिया गया। बारह दिसंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री ने युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग का कार्यभार संजय सिंह 'टाइगर' को आवंटित किया है, जो वर्तमान में श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को नवगठित उच्च शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने नागरिक उड्डयन विभाग अपने पास ही रखा है। मुख्यमंत्री ने हाल में 'एक्स' पर राज्य सरकार के तीन नए विभागों के गठन के निर्णय की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा था, हमने अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए यह आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाए। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और नागरिक उड्डयन विभाग - तीन नए विभागों के गठन के निर्देश दिए गए हैं।

## नीतीश कुमार ने नालंदा में प्रशिक्षु पुलिस निरीक्षकों की पासिंग आउट परेड का किया निरीक्षण



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नालंदा जिले में प्रशिक्षु पुलिस उपनिरीक्षकों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया तथा रंगरूटों से निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। यह समारोह राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुमार ने खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। मुझे विश्वास है कि वे निष्ठा, ईमानदारी, संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

## राजस्थान : वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी में 200 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता चला

**जयपुर:** राजस्थान के वाणिज्य कर विभाग राज्य भर में एक साथ 110 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सर्वेक्षण कार्रवाई करते हुए लगभग 200 करोड़ रुपये की कर चोरी का खुलासा किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार विभाग के 300 से अधिक अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न जिलों में एक साथ यह कार्रवाई की। इसके अनुसार विभाग को लंबे समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थी कि राज्य में प्लाईवुड, सेनेटरी आइटम, टाइल्स, खाद्य तेल, होटल, रियल एस्टेट सहित कई क्षेत्रों में कुछ व्यापारी कर चोरी में संलिप्त हैं। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर यह व्यापक अभियान चलाया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार इस अभियान के दौरान कई स्थानों से कच्ची पर्चियां, फर्जी बिलिंग एवं अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## रांची हवाई अड्डे पर उतरते समय इंडिगो के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**रांची:** झारखंड में रांची हवाई अड्डे पर उतरते समय इंडिगो के एक विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे तब हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आया विमान हवाई ड्डे पर उतर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में करीब 70 यात्री सवार थे। रांची हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, उतरते समय विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। यात्रियों को अचानक झटका लगा। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया, क्योंकि तकनीकी रूप से उसे उड़ान भरने के लिए अयोग्य पाया गया था।

# हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र की याद में मथुरा में किया प्रार्थना सभा का आयोजन



**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने दिवंगत पति अभिनेता धर्मेंद्र की याद में शनिवार को एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। धर्मेंद्र का 89 वर्ष की आयु में 24 नवंबर को निधन हो गया था। हेमा मालिनी ने सभा में अपने भावुक संबोधन में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अपने 'प्यारे धर्म जी' के लिए प्रार्थना सभा आयोजित करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा, यह एक असहनीय सदमा था। हमने 57 साल साथ बिताए और 45 फिल्मों में एक साथ काम किया, जिनमें से 25 से ज्यादा सुपरहिट थीं। धर्मेंद्र को सरल, विनम्र और खुशमिजाज व्यक्ति बताते हुए हेमा मालिनी ने कहा कि बेमिसाल लोकप्रियता के बावजूद धर्मेंद्र अपनी जड़ों से गहराई से जुड़े रहे। उन्होंने कहा, मुझे आज भी हैरानी और खुशी होती है कि मेरा ऑनस्क्रीन प्यार असल जिंदगी में मेरा जीवनसाथी बन गया। क्योंकि हमारा प्यार सच्चा था, इसलिए हमने मिलकर चुनौतियों का सामना किया और शादी की। सांसद ने धर्मेंद्र को एक प्यार करने वाला पति, बेटियों ईशा और अहाना का समर्पित पिता तथा अपने पांच पोते-पोतियों को स्नेह करने वाला दादा बताया। हेमा मालिनी की बेटियां ईशा देओल और अहाना देओल निजी कारणों से इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल नहीं हो पाईं। सांसद ने उर्दू कवि के रूप में धर्मेंद्र की अनजानी प्रतिभा का भी जिक्र किया और कहा कि वह उनकी उर्दू शायरी की एक किताब प्रकाशित करवाएंगी।

## बिहार सरकार चारा घोटाला आरोपियों की संपत्तियां जब्त कर उन स्थानों पर स्कूल बनाएगी: सम्राट



**पटना:** बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार चारा घोटाला मामले में आरोपियों की संपत्तियां जब्त कर उन स्थानों पर स्कूल खोलेगी। चौधरी ने शुक्रवार को एक सम्मेलन में कहा था कि राज्य सरकार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद की संपत्तियों पर स्कूल खोलने की योजना बना रही है। गृह मंत्री चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री का नाम लिए बिना शनिवार को पत्रकारों से कहा, न्यायपालिका पहले ही तय कर चुकी है कि चारा घोटाला मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार उनकी (लालू की)संपत्तियों पर स्कूल खोलेगी। लालू प्रसाद को चारा घोटाला के कई मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है जबकि कुछ अन्य मामलों में सुनवाई लंबित है या अपील के अधीन है। चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार ने अतीत में भ्रष्ट अधिकारियों की जब्त संपत्तियों को स्कूलों में परिवर्तित किया था, जिनमें पुलिस एक पूर्व महानिदेशक भी शामिल थे। बिहार सरकार ने विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 के तहत पूर्व डीजीपी नारायण मिश्रा की संपत्ति को जब्त कर उसे स्कूल में परिवर्तित कर दिया था। गृह मंत्री संभवतः 2012 के इस मामले का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा लागू किया गया विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 इस बात का परिणाम है कि सरकार भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्तियों को जब्त करके उन्हें जनहितकारी सुविधाओं में परिवर्तित करेगी। इस अधिनियम के तहत सार्वजनिक पदों पर व्याप्त भ्रष्टाचार से निपटने के लिए विशेष न्यायाधिकरणों की व्यवस्था कर भ्रष्टाचार के मामलों की त्वरित सुनवाई और संपत्ति की जब्ती की अनुमति दी गई थी।

## झारखंड के मुख्यमंत्री ने रांची शहर का औचक निरीक्षण किया



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यातायात व्यवस्था, पैदल यात्री सुविधाओं, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को रांची शहर का औचक निरीक्षण किया। यहां एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ उपायुक्त मंजूनाथ भजंतारी और नगर प्रशासक सुशांत गौरव भी मौजूद रहे। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज मैंने रांची शहर का औचक निरीक्षण किया। राज्य के प्रत्येक शहर में आवागमन, नागरिक सुविधाओं तथा जीवन की सुगमता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है।' उन्होंने कहा, 'हमारा संकल्प है कि राज्य का हर शहर सुरक्षित, समावेशी एवं खुशहाल बने, जहां प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ बेहतर जीवन सुविधाएं सुनिश्चित हों।'

## झारखंड: रांची में भाजपा की संगठनात्मक बैठक में एसआईआर और पार्टी चुनावों पर हुई चर्चा

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और राज्य में जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पर चर्चा की। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। लक्ष्मीकांत बाजपेयी और तरुण चुघ झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में एसआईआर को लेकर फैलाई जा रही गलतफहमियों को दूर करने का आग्रह किया। चुघ ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में एसआईआर पर व्यक्त किए गए विचारों को हर जगह प्रसारित करने की योजना बना रहे हैं।

## वाराणसी में रोपवे स्टेशन का काम इस साल के अंत तक पूरा करने के निर्देश

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में रोपवे स्टेशन का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्णा बोरा ने शनिवार को यह जानकारी दी। बोरा ने बताया कि वाराणसी स्टेशन से गोदौलिया तक बनाए जाने वाले रोपवे की कुल लंबाई 3.8 किलोमीटर होगी। उन्होंने बताया कि रोपवे के लिए कुल पांच स्टेशन और 29 टावर बनाए गए हैं। इस रोपवे परियोजना की कुल लागत 815.58 करोड़ रुपये है, जिसमें 25 साल का परिचालन और रखरखाव शामिल है। बोरा ने कहा कि रोपवे स्टेशन का निर्माण कार्य 31 दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोपवे परियोजना काशी के लिए ना केवल शहरी यातायात का एक अत्याधुनिक साधन होगी बल्कि पर्यटन, रोजगार एवं आर्थिक विकास का नया द्वार भी खोलेगी।

# यूपी भाजपा अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ने किया नामांकन, निर्विरोध निर्वाचन तय



**लखनऊ:** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। किसी अन्य के पर्चा दाखिल नहीं करने की वजह से उनका इस पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे उनका भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है। चौधरी ने अपना नामांकन पत्र भाजपा राज्य चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडेय और केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े को सौंपा। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा उप्र सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। इस बीच, चौधरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज लखनऊ हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया। मैं सभी कार्यकर्ताओं का उनके द्वारा दिखाए गए स्नेह और सम्मान के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा राज्य चुनाव अधिकारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि पार्टी के अगले प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा रविवार को केंद्रीय चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। पंकज चौधरी महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से सात बार के सांसद हैं। वह कुर्मी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एक जाति) से हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भरोसेमंद माना जाता है। कुर्मी समुदाय का पूरे उत्तर प्रदेश में ओबीसी समुदाय में काफी प्रभाव है और 2024 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में इस समुदाय ने राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी (समाजवादी पार्टी) की ओर अपना झुकाव दिखाया था।

## वर्ग पहेली नं। 3291

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | | |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | 27 |
| 28 | | | | | ■ | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अनीश्वरवादी, 3) क़ब्र पर बनी इमारत, 7) उद्देश्य, 8) जुड़वाँ, 10) प्रतिमा, 13) बाद में, 14) लक्ष्मी, 15) शासन-हीनता, 17) भला आदमी, 18) गोंद, 19) गहराई, 20) झरना, 21) लब, 23) पांथशाला, 26) रजनीगंधा, 28) अत्याधुनिक, 29) एक नदी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक भारतीय शहर, 2) लक्ष्मी, 3) मज़ाकिया, 4) ऊँचाई, 5) सलाह, 6) ऊंट की बोली, 9) राय, 11) तमाशाई, 12) अधिकतर, 15) पछतावा, 16) पानी, 19) तपस्या, 22) प्रेक्षणीय, 23) ईर्ष्या, 24) प्रवास का साधन, 25) भटकती आत्मा, 26) रघुवीर; कौशल्येय, 27) सीढ़ी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ड़ | ग | ड़ा | ना | ■ | को | ल | का | ता |
| ■ | ■ | र | ■ | ज़ | ब | र | ■ | वे | श |
| व | का | ल | त | ■ | र | स | भ | री | ■ |
| र | ज | ■ | नि | का | स | ■ | ड़ | ■ | कु |
| दी | ■ | त | क | ■ | गाँ | ■ | की | र्त | न |
| ■ | पु | ड़ता | ■ | पा | ठ | शा | ला | ■ | कु |
| ज़ो | र | ■ | ठी | क | ■ | न | ■ | बो | ना |
| ब | खा | न | ■ | शा | र | दा | ■ | न | ■ |
| न | ■ | स | पो | ला | ■ | र | हा | स | हा |

## सुडोकू-पहेली-3249

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 2 | | | 7 |
| 3 | | | 1 | | | | 5 | |
| 9 | | | | | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| 7 | | 5 | | 8 | | | | |
| | | | | 2 | | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | 7 | 8 | | |
| | 1 | | 5 | | | | 2 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3248 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 |
| 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 4 | 2 |

# निराशा के माहौल में लियोनेल का इवेंट हुआ 'मेसी'



मेसी की एक झलक से भी रह गए वंचित, सॉल्टलेक स्टेडियम में फैंस का तांडव



❑ **अव्यवस्था ने बिगाड़ा पूरा कार्यक्रम**
❑ **दर्शकों की मांग–पैसे वापस हों**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित लियोनेल मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 इवेंट का शनिवार सुबह जब शुरुआत हुई, तो फुटबॉल प्रेमियों की खुशी जल्दी ही गुस्से में बदल गई। इसका कारण था महंगे टिकट लेकर भी लोगों को मेसी को ठीक से न देख पाना, जिसके बाद बवाल, कुर्सियां टूटना, बोतलें फेंकी जाना और कार्यक्रम का बीच में ही खत्म होना देखने को मिला। कई फैन्स ने बताया कि टिकट की कीमत 4,500 से 10,000 तक थी, जबकि कुछ ने यह भी कहा कि ब्लैक मार्केट में कुछ लोग इसे 12,000 तक बेच रहे थे। इसके बावजूद अधिकांश दर्शक मेसी को नजदीक से देखने में असमर्थ रहे, क्योंकि वह केवल 5–10 मिनट के लिए ही नजर आए और वह भी वीआईपी, नेताओं और अधिकारियों से घिरे हुए थे। एक फैन ने कहा, हमने एक महीने की सैलरी खर्च कर दी, लेकिन हमें मेसी की झलक तक नहीं मिली – यह बिलकुल फ्रॉड जैसा लगा।दर्शकों को जैसे ही सूचना फैली कि मेसी कार्यक्रम में ज्यादा समय नहीं बिताएंगे और आम दर्शकों को देखने का मौका नहीं मिलेगा, पूरे स्टेडियम में हंगामा शुरू हो गया, लोग कुर्सियां और गद्दियां तोड़ने लगे, स्टेडियम में बोतलें फेंकी गईं और कई दर्शक तो मैदान पर पहुंच गए, जिससे पुलिस को कंट्रोल करना पड़ा। छोटी–सी झलक मिलने पर नाराज दर्शकों ने कहा कि उन्हें वीआईपी ब्लॉक और नेताओं के आसपास ही रोक दिया गया था, जिससे आम टिकट धारकों को मेसी नजदीक से देखने का मौका ही नहीं मिला।

❑ **टिकट रिफंड की मांग और घोषणा**

कार्यक्रम से निराश होकर बड़ी संख्या में दर्शकों ने खुलकर टिकट रिफंड की मांग उठाई है। फैंस का कहना है कि उन्होंने अपनी बचत और कई मामलों में एक महीने तक की कमाई खर्च कर महंगे टिकट खरीदे थे, लेकिन बदले में उन्हें जिस अनुभव का वादा किया गया था, वह बिल्कुल नहीं मिला। दर्शकों का आरोप है कि प्रचार में यह संकेत दिया गया था कि उन्हें विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनेल मेसी को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा, जबकि वास्तविकता में मेसी केवल कुछ मिनटों के लिए मंच पर दिखाई दिए और आम टिकट धारकों को उनकी झलक तक साफ तौर पर नहीं मिल सकी। अधिकारियों की ओर से यह घोषणा की गई है कि इवेंट से असंतुष्ट दर्शकों को टिकट का पैसा वापस किया जाएगा, ताकि लोगों के साथ हुई आर्थिक और मानसिक परेशानी की भरपाई की जा सके। हालांकि, रिफंड की प्रक्रिया, समय–सीमा और पात्रता को लेकर अभी स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए जाने बाकी हैं, लेकिन प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी दर्शक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## मेसी के कार्यक्रम में अराजकता पर राज्यपाल ने जताई नाराजगी, खेल–प्रेमियों के लिए बताया 'काला दिन'

❑ **राज्यपाल ने पूरी घटना की न्यायिक जांच की मांग की**
❑ **सावधानी नहीं बरतने वाले पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का भी दिया निर्देश**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शनिवार को कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के सम्मान समारोह के दौरान अराजकता व कुप्रबंधन पर हैरानी जताते हुए अपनी गहरी नाराजगी जताईं। इस दिन, राज्यपाल ने कोलकाता के खेल–प्रेमियों के लिए एक काला दिन बताया। लोक भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि राज्यपाल मेसी के दौरे के दौरान साल्टलेक स्टेडियम में कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में प्रबंधन और योजना की भारी कमी के कारण हुई अफरा–तफरी से हैरान हैं। बयान में कहा गया कि हालांकि, इस स्थिति के लिए कार्यक्रम के आयोजक पूरी तरह से जिम्मेदार हैं, लेकिन पुलिस भी सरकार, लोगों और मुख्यमंत्री, जो गृह मंत्री भी हैं, को निराश किया और अव्यवस्था को लेकर जरूरी कदम उठाने में नाकाम रही है। राज्यपाल के हवाले से कहा गया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण, इस दिन को कोलकाता के खेल–प्रेमी लोगों के लिए एक काला दिन कहा जा सकता है। इसके अलावा, राज्यपाल ने राज्य सरकार को कई निर्देश भी जारी किए हैं, जिसमें कार्यक्रम के आयोजकों को अविलंब गिरफ्तार करने, टिकट खरीदने वालों को पैसा वापस करने और स्टेडियम और अन्य सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान के लिए आयोजकों पर जुर्माना लगाने की बात शामिल है। उन्होंने पूरी घटना की न्यायिक जांच की भी मांग की और उन पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया जिन्होंने आवश्यक सावधानी नहीं बरती। राज्यपाल ने भविष्य में ऐसी बड़ी सभाओं व कार्यक्रमों के लिए सुचारू संचालन और कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने को भी कहा। साथ ही, राज्यपाल ने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन के दौरान रैफ को तैयार रखना चाहिए। दर्शकों के लिए बीमा की भी बात कही, जिसका प्रीमियम आयोजकों द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

## तृणमूल, भाजपा और कांग्रेस ने मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान अराजकता को लेकर आयोजकों पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में शनिवार को फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान अराजकता फैलने के बाद राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आयोजकों पर हमला बोला। टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक बयान में कहा कि आयोजकों व उनके करीबी लोगों की अत्यधिक उत्सुकता और मेस्सी के साथ सेल्फी लेने की उनकी कोशिशों की वजह से दर्शक सही तरह से फुटबॉलर को नहीं देख पाए, जिसकी वजह से वे नाराज हो गए। कुणाल घोष ने कहा कि इस अव्यवस्था के लिए आयोजकों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों न की जाए? कोई उचित योजना क्यों नहीं थी? अफरा–तफरी क्यों मची? इसी कारण मेस्सी को स्टेडियम छोड़ना पड़ा और मुख्यमंत्री भी राज्य की जनता की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए उपस्थित नहीं हो सकीं। घोष ने इस घटना को राज्य के खेल प्रेमियों के लिए बड़ा निराशाजनक बताया और कहा कि 2011 में जब मेस्सी पहली बार स्टेडियम आए थे, तब कार्यक्रम बहुत अच्छी तरह से आयोजित किया गया था। मुझे याद है कि एक मैच हुआ था और मेस्सी ने प्रेस गैलरी में मेरी सीट के पास 50 मीटर की दूरी से कॉर्नर किक लगाई थी। सब कुछ बहुत सुचारू रूप से हुआ था और तब कोलकाता का मान बढ़ा था।

❑ **कुछ ठगों ने पैसों की लालसा में यह स्थिति उत्पन्न की : समिक भट्टाचार्य**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि कुछ ठगों ने, पैसों की लालसा में, यह स्थिति उत्पन्न की। उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार पर है और टीएमसी नेताओं ने लालची आयोजकों को बढ़ावा दिया, जो स्वयं प्रचार में व्यस्त थे। टिकट खरीदने वाले लोगों को मेस्सी को सही तरीके से देखने से वंचित किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि इस घटना ने राज्य की छवि धूमिल की है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुकांत मजूमदार ने इस अराजकता के लिए टीएमसी और राज्य प्रशासन की कड़ी आलोचना की।

❑ **सारदा और नारद घोटाले के बाद यह एक नया घोटाला : शुभंकर सरकार**

कांग्रेस ने भी टीएमसी सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने इस घटना को 'भयानक कुप्रबंधन और कानून व्यवस्था का मजाक' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेस्सी के नाम पर भोले–भाले प्रशंसकों को अत्यधिक कीमतों पर टिकट बेचे गए, जबकि फुटबॉलर केवल टीएमसी नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों से घिरा हुआ था। सरकार ने आरोप लगाया कि जनता के करोड़ों रुपये सिर्फ इसलिए खर्च किए गए, ताकि टीएमसी नेता मेस्सी के साथ तस्वीरें खिंचवा सकें। यह सारदा और नारद घोटाले के बाद एक नया घोटाला है। उन्होंने आयोजक, पुलिस और खेल मंत्रियों और स्थानीय विधायक की व्यक्तिगत जवाबदेही की मांग की।

❋ सरकार सुरक्षा के बजाय पैसे कमाने में व्यस्त : सुजन चक्रवर्ती

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता सुजन चक्रवर्ती ने कुप्रबंधन को राज्य के लिए 'काला दिन' करार दिया और कानून–व्यवस्था की विफलता के लिए टीएमसी सरकार को दोषी ठहराया। वाम मोर्चा शासन के दौरान फुटबॉल के दिग्गज डिएगो माराडोना की यात्राओं से तुलना करते हुए, सुजन चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि सरकार दर्शकों की सुरक्षा और अनुभव सुनिश्चित करने के बजाय मेस्सी के नाम पर पैसा कमाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही थी।

### राज्य की 'दुखद और अस्थिर स्थिति' का प्रमाण : सुधांशु त्रिवेदी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** साल्टलेक स्टेडियम में लियोनेल मेस्सी के एक कार्यक्रम के दौरान मची अव्यवस्था के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य की 'दुखद और अस्थिर स्थिति' का प्रमाण है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस घटना को 'दुखद और बेहद शर्मनाक' बताया। उन्होंने कहा कि साल्टलेक स्टेडियम में हुई 'अव्यवस्था, भगदड़ और अराजकता' ने हर भारतीय को शर्म से सिर झुकाने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि यह घटना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल की उस दयनीय और अस्थिर स्थिति का प्रमाण है, जिसमें उसे धकेल दिया गया है।

## कोलकाता में शाहरुख खान ने लियोनेल मेस्सी से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने शनिवार को कोलकाता में अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी से मुलाकात की। मेस्सी अपने 'जीओएटी दौरे' के लिए भारत पहुंचे हैं। इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो में खान को कोलकाता दौरे पर आए मेस्सी का अभिवादन करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सुपरस्टार मेस्सी के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए भी नजर आ रहे हैं। खान के साथ उनका बेटा अबराम खान भी है।





# शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा, खेल मंत्री की गिरफ्तारी की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को अर्जेंटीना के विख्यात फुटबॉलर मेसी के कार्यक्रम के दौरान साल्टलेक स्टेडियम में हुई कुप्रबंधन की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने इसे टीएमसी का लूट का सर्कस करार देते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है और कहा है कि यह घटना राज्य की छवि को वैश्विक मंच पर धूमिल करने वाली है। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखे शब्दों में लिखा कि कोलकाता में आज जो तमाशा देखने को मिला वह बेहद शर्मनाक है। फुटबॉल के दीवाने बंगाली प्रशंसकों ने महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी की एक झलक पाने के सपने देखते हुए हजारों रुपये खर्च किए, लेकिन अपने ही राज्य में उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि खेल मंत्री अरूप बिस्वास, अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस और उनके 100 से अधिक वीआईपी साथी मेसी के इर्द-गिर्द घूम रहे थे, असली प्रशंसकों को गैलरी में बैठाकर केवल 5-7 मिनट के लिए बड़े स्क्रीन पर ही देखने को मिला। उन्हें मैदान का सीधा दृश्य तक नहीं मिला, जो एक बड़ा विश्वासघात है। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि स्टेडियम के अंदर पानी की बोतलें ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और बेचैन प्रशंसकों को 20 की बोतल के लिए 200 देने पड़े। शुभेंदु ने इसे क्लासिक टीएमसी जबरन वसूली का धंधा बताया और कहा कि इन तथाकथित नेताओं ने एक खेल आइकन की यात्रा को अपनी निजी फोटो सेशन और मुनाफे के बोनान्जा में बदल दिया। भाजपा नेता ने कहा कि यह केवल कुप्रबंधन नहीं है, बल्कि राज्य के गौरव पर एक आपराधिक हमला और हमारे जुनूनी फुटबॉल प्रेमियों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि अब बहुत हो गया और विपक्ष के नेता के रूप में उनकी तीन प्रमुख मांगें हैं। पहली मांग में उन्होंने कहा कि हर गैलरी टिकट धारक को 100% रिफंड दिया जाए और जो पैसा लूटा गया है वह वापस किया जाए। दूसरी मांग में उन्होंने खेल मंत्री अरूप बिस्वास, अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस और आयोजक शतद्रु दत्ता को सरकारी प्रायोजित अराजकता, लूट और अव्यवस्था के लिए तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। तीसरी और सबसे बड़ी मांग में उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को वैश्विक मंच पर राज्य के नाम को कीचड़ में घसीटने के लिए इस्तीफा देना चाहिए और राज्य की आत्मा को पूरी तरह बर्बाद करने से पहले पद छोड़ देना चाहिए।

## बिजनेस कॉन्क्लेव में आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस

❑ **18 दिसंबर को मुख्यमंत्री करेंगी उद्घाटन**

**कोलकाता :** राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर खोलने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले बिज़नेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में इस बार आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह कॉन्क्लेव 18 दिसंबर को कोलकाता के धनधान्य स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी।

कॉन्क्लेव में जिन आठ क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, उनमें इस्पात, मणि-रत्न, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, पर्यटन और वस्त्र उद्योग शामिल हैं। इसके अलावा अन्य उद्योग क्षेत्रों से जुड़े विषय भी चर्चा में रहेंगे।

शुक्रवार को नवान्न में इस कॉन्क्लेव को लेकर अंतिम तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान आर्थिक सलाहकार अमित मित्रा सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के परामर्श पर ही इन आठ उद्योग क्षेत्रों को विशेष रूप से चुना गया है।

कॉन्क्लेव के पहले चरण में मुख्यमंत्री राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश के अवसरों और पश्चिम बंगाल की औद्योगिक प्रगति का खाका प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद हर्ष नेवोतिया, संजीव गोयनका, रुद्र चटर्जी, संजय बुढ़िया, उमेश चौधरी समेत कई प्रमुख उद्योगपति राज्य में उद्योग स्थापना और निवेश को लेकर सरकार के सहयोग पर अपने विचार रखेंगे।

दूसरे चरण में विश्व बैंक के सहयोग से राज्य में चल रही परियोजनाओं को लेकर एक विशेष 'प्लेनरी सेशन' आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, चयनित आठ उद्योग क्षेत्रों से जुड़े विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे इन क्षेत्रों की संभावनाओं और प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए अलग-अलग प्रस्तुतियां तैयार करें, ताकि निवेशकों के सामने यह स्पष्ट किया जा सके कि राज्य सरकार इन क्षेत्रों को क्यों विशेष महत्व दे रही है।

सरकार का मानना है कि यह बिज़नेस कॉन्क्लेव राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# अग्रसेन धाम का अग्र रत्न एवं अग्र गौरव सम्मान का भव्य आयोजन





**कोलकाता, समाज्ञा :** जब समाज अपने कीर्तिपुरुषों का सम्मान करता है, तो समाज का मान भी बढ़ता है। भारतीय समाज की मूलभूत अवधारणा सामुदायिकता की है, जिसे हम वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। पांच हजार वर्ष पहले सूर्यकुल गौरव अग्रसेनजी महाराज ने भी समाज को यही संदेश दिया और गर्व है कि अग्रवाल समाज के लोग जहां भी हैं, अपनी मेहनत और लगन से सफलता अर्जित कर रहे हैं और समाज की सेवा भी कर रहे हैं। धर्म, शिक्षा, चिकित्सा, गौसेवा जैसे सभी प्रकल्पों में अग्रवाल समाज की महनीय भूमिका होती है। परमहंस वरिव्राजकाचार्य स्वामी निरंजनानन्दजी महाराज ने ये बातें महाराजा अग्रसेन द्वारा प्रवर्तित अग्र सम्मान समारोह- 2025 के शुभ अवसर पर कही। पूज्य स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती एवं परमहंस स्वामी डा. मुक्तानन्दपुरी जी महाराज ने भी कमोबेश इन्हीं भावों को अपने शब्दों में अग्रेसित किया। सन्तों ने कहा कि जो समाज सर्वहित की बात सोचता है, लक्ष्मी उससे कभी रूठ ही नहीं सकती। बाल व्यास श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि अग्रवाल समाज निरन्तर गतिमान है, क्योंकि लोग धर्मपथ का अनुशरण करते हुए अपना काम करते हैं।

समारोह के प्रारम्भ में संस्था के अध्यक्ष ओम जालान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि चयन समिति द्वारा हर वर्ष ऐसे व्यक्तित्वों का चयन किया जाता है, जो अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के हित का भी खयाल रखते हैं। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने संस्था की गतिविधियों की सविस्तार जानकारी दी और बताया कि अग्रसेन धाम का मुख्य उद्देश्य सेवा, शिक्षा, चिकित्सा और ज्ञान के विकास हेतु कार्य करना है। सेवामूलक कई प्रकल्पों से लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

सम्मान समारोह में स्व. बासुदेव टिकमानी को अग्ररत्न सम्मान तथा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल (आई.ए.एस), वरिष्ठ सर्जन डा. महेश गोयनका, मुरारीलाल लोहिया, अशोक तोदी, गोपाल नरेड़ी, रमेश सोंथलिया एवं अनुज डीडवानिया को अग्र गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। मंच पर विराजमान सन्तवृन्द ने सभी को शॉल, मेमेंटो, प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया।

सम्मान उपरान्त अपने सम्बोधन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि कोई कितने ही ऊंचे ओहदे पर पहुंच जाए, समाज का ऋण नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि अग्रसेन धाम द्वारा यूपीएससी छात्रों के लिए शुरू की गयी कोचिंग में वे स्वयं यथासंभव मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है। अग्रवाल समाज व्यवसाय ही नहीं, हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। अन्य सभी सम्मानित व्यक्तियों ने भी सम्मान के चयन के लिए धाम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और कहा कि इस प्रतिष्ठित सम्मान से उनका सामाजिक दायित्व बढ़ गया है।

इस अवसर पर सर्वश्री राधेश्याम गोयनका, मुरारीलाल दीवान, भगवानदास अग्रवाल, सत्यनारायण देवरालिया, बनवारीलाल सोती, बृजमोहन गाड़ोदिया, दिनेश अड़ुकिया, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, कैलाश कयाल, मनोज बगड़िया, विवेक अड़ुकिया, गिरधारीलाल गोयनका, केशव बूबना, विनोद गुप्ता, रमेश सरावगी, केके सिंहानिया, अभिनव अग्रवाल, निरंजन कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद मीना पुरोहित, नवीन टिकमानी, सुरेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद ड्रोलिया सहित समाज के अनेकानेक विशिष्ट व गणमान्यजन उपस्थित थे। आयोजन की सफलता में संस्था के कोषाध्यक्ष अनिल केडिया, अशोक चूड़ीवाला, दीपक अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, महेश भुवालका, अमित केडिया, सुमन जालान, सरिता सराफ, निर्मला अग्रवाल, प्रेम कयाल, वीणा चूड़ीवाला, ममता केडिया, स्वाति अग्रवाल, बबीता दीवान, सुलेखा बगड़िया सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय थे। मंच का कुशल संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

## बांकुड़ा में निजी कारखाने में मशीन में फंसकर एक मजदूर की मौत

❑ **काखाने के गेट के सामने भाजपा का विरोध प्रदर्शन**



**बांकुड़ा :** जिले के बड़जोड़ा इलाके में स्थित कालीमाता प्राइवेट लिमिटेड कारखाने में कार्यरत विजय धीवर (19) की शनिवार को मशीन में फंसकर गंभीर रुप से घायल हो गया, इस निजी फैक्ट्री में रेलवे के एडवांस्ड इक्विपमेंट बनता हैं। विजय उस फैक्ट्री में कई साल से काम करता था। शनिवार को काम करते समय वह चलती हुई मशीन में फंस गया। गंभीर रूप से घायल विजय को जब जल्दी से निकाला गया और बड़जोड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने फैक्ट्री गेट पर मज़दूरों की सुरक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, तृणमूल पंचायत प्रधान गणेश मंडल ने दावा किया कि वे घटना के बाद हॉस्पिटल में युवक के परिवार से मिलने गए थे। उन्होंने दावा किया कि फैक्ट्री अधिकारियों से बात करने के बाद, मृतक युवक के परिवार के लिए 10.5 लाख रुपये के मुआवजे का इंतज़ाम किया गया। साथ ही, उन्होंने कहा कि फैक्ट्री अधिकारियों ने विजय के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भरोसा दिया है। मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शनिवार को प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपये दिए गए।

## कोलकाता मेट्रो प्रायोगिक आधार पर हवाई अड्डे से न्यू गरिया तक सीधी सेवा शुरू करेगी



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे कोलकाता 15 दिसंबर से जय हिंद विमानबंदर (हवाई अड्डा) स्टेशन से नोआपाड़ा होते हुए शहीद खुदीराम स्टेशन (न्यू गारिया) तक सीधी सेवा शुरू करेगी, जिससे यात्रियों (विशेष रूप से शहर के हवाई अड्डे पर वायु सेवा यात्रियों) को राहत मिलेगी। मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में मेट्रो सेवाएं जय हिंद विमानबंदर-नोआपाड़ा खंड (जिसे येलो लाइन के नाम से जाना जाता है) और दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम खंड (जिसे ब्लू लाइन के नाम से जाना जाता है) पर चालू हैं। पंद्रह दिसंबर से प्रायोगिक आधार पर दो सीधी मेट्रो सेवाएं (एक सुबह के व्यस्त समय के दौरान और दूसरी देर शाम) सोमवार से शुक्रवार तक कार्यदिवसों में जय हिंद विमानबंदर और शहीद खुदीराम स्टेशनों के बीच संचालित होंगी।

### खड़गपुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में भाजपा के एक नेता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम दीपसोना घोष है, जो खड़गपुर शहर में भाजपा का पूर्व मंडल अध्यक्ष रह चुका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दीपसोना घोष के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(4), 115(2) तथा पोक्सो अधिनियम सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। खड़गपुर टाउन थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2017 के बाद से आरोपीत नेता का राजनीति में तेजी से उदय हुआ था। भाजपा की विभिन्न बैठकों और रैलियों में वह अग्रिम पंक्ति में नजर आता था और बाद में मंडल अध्यक्ष बना।

## केक मिक्सिंग और बच्चों की मुस्कानों से एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी में क्रिसमस की धूम



**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी में इस वर्ष क्रिसमस का उत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इंटरैक्टिव क्रिसमस केक-मिक्सिंग समारोह ने नन्हे बच्चों की खिलखिलाती मुस्कानों और रचनात्मक गतिविधियों से पूरे माहौल को त्योहार की खुशियों से भर दिया। लेट्स मिक्स, मिंगल, एंड मेक क्रिसमस स्वीट थीम पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मकता, आपसी सहयोग और त्योहारों की सादगीभरी खुशियों से जोड़ना था। छोटे-छोटे हाथों द्वारा रंग-बिरंगी सामग्रियों को मिलाते और सजाते देख स्कूल परिसर में उत्साह और अपनत्व का माहौल नजर आया। इस आयोजन का नेतृत्व स्कूल की प्राचार्या डॉ. जयिता गांगुली ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल केक मिक्सिंग तक सीमित नहीं था, बल्कि बच्चों के लिए खुशी, कल्पनाशीलता और टीमवर्क को समझने का एक सार्थक अनुभव बना। शिक्षकों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। बच्चों द्वारा तैयार किया गया क्रिसमस मिक्स आने वाले दिनों में त्योहार की मिठास और साझा करने की भावना का प्रतीक बनेगा। स्कूल प्रशासन के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां बच्चों को संस्कृति, संवेदनशीलता और सामूहिक आनंद के मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## घास के ढेर में आग लगने से दो शिशुओं की जलकर मौत



**पुरुलिया :** पुरुलिया के बलरामपुर थाने के कदमडी गांव में शनिवार की दोपहर करीब 3:30 बजे एक दुखद घटना घटी। खबर मिलने के बाद बलरामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला है कि गांव में एक घर के पीछे रखे घास के ढेर में दोपहर में अचानक आग लग गई। यह घटना पास के घर की एक महिला ने देखी और गांव वालों को बताया। गांव वाले तुरंत आग बुझाने के लिए दौड़े। इस बीच, आग बुझाने के बाद गांव वालों ने घास के ढेर में दबे दो बच्चों के शव बरामद किया। खबर मिलने पर बलरामपुर थाने के आई सी अर्नब गुहा समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर गया और शाम करीब 4:30 बजे दोनों शव बरामद किया। मरने वाले दोनों बच्चों के नाम सुलेमान हेम्ब्रम और आकाश बेसरा हैं, दोनों की उम्र करीब साढ़े तीन साल थी। बलरामपुर पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मुर्दाघर भेजा जाएगा। इस घटना से इलाके में मातम छा गया है।

## दिव्य संत सभा में बोले संत योग,भक्ति और वेदांत का हो जीवन में समन्वय



प्रवचन करते हुए परमहंस परिब्राजकाचार्य पद्म भूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती महाराज ने कला मंदिर सभागार में कही।

**कोलकाता :** हवा में कई तरह के बैक्ट्रियां-वायरस है, इसे हम अपने आंखों से नहीं देख सकते हैं। इसे देखना हैं तो माइक्रोफोन से दे सकते हैं। इसी तरह हम भगवान को देखना हो तो हम सद्गुरु के माध्यम से देख सकते हैं। मन हमारा सनातन घर है। जैसै घर की सफाई झाड़ू से करते हैं उसी तरह मन का झाड़ू का नाम योग है। हमारे मन को राग-द्वेष, मद, क्रोध आदि विकारों ने गदंगी से भर दिया है। इसकी सफाई योग करता है। बहुत लोग कहते हैं योग जीवन से दूर करता है। ऐसी बात नहीं। योग हमें विषम परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता जागृत करता है। पवित्र मन से भक्ति संभव है। आज योग को हम आसन से और शरीर से जोड़ दिया है। यह योग का एक सूक्ष्म अंग है। व्यक्ति को संस्कारित करना और चित्त की शुद्धिकरण आदि करना योग का उद्देश्य है।

ये बातें आध्यात्मिक-सांस्कृतिक संस्था श्रीशरणम् के तत्वावधान में दिव्य संत सभा में योग विषय पर

भक्ति विषय पर प्रवचन करते हुए श्रद्धेय स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ज्ञान से काम न चले तो ईमानदारी से भगवान का नाम और उनकी भक्ति करो तो ब्रह्मानंद का अनुभव होगा। जहां हो वही उसे ऊपर उठने मतलब भगवान को पाने के लिए उनकी भक्ति करो। अपने सद्गुरु की सेवा करोंगे तो जीते जी मुक्ति का आनंद मिलेगा। मेरे सद्गुरु ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज को जीते जी इन्हीं आंखों से भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन हुआ था। आपको भी भगवान का दर्शन हो सकता है यदि अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलो और भगवान का नाम जपो। भगवान का नाम हमारा शुद्धिकरण करता है। भगवान को बुलाओ तो सही। तुम्हारी पुकार सुनकर वह अवश्य आएंगे।

वेदांत विषय पर प्रवचन करते हुए परमहंस डा .स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि अगर आप मृत्यु से पार होना चाहते हैं, आवागमन से मुक्त होना चाहते हैं, सुख-शान्ति चाहते हैं तो उस परमात्मा को जानो जो प्रकाश स्वरूप हैं। काम, क्रोध, मद, लोभ आदि मनोविकार(दोष) नरक के मार्ग है। इस मनोविकारों से मुक्त होना चाहते हो तो अपने को जानने की कोशिश करो।ऐसी कोशिश करोंगे तो परमात्मा को जान पाओंगे और आवागमन से मुक्त हो जाओंगे। कार्यक्रम का संचालन व संस्था का परिचय डा.ब्रजेश दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टीगण सज्जन कुमार सिंघानिया, मुरारीलाल दीवान, अरविन्द नेवर, राम अवतार केडिया, ओमप्रकाश जाजू, राजेन्द्र बिहानी, राजू चौधरी, बिनोद माहेश्वरी, वर्षा अग्रवाल व संदीप अग्रवाल सक्रिय रहे। ट्रस्टी मुरारीलाल दीवान ने बताया कि दिव्य संत सभा 14 दिसम्बर तक प्रतिदिन संध्या 5से रात 8बजे तक आयोजित की गई है।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह का निधन



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह का आकस्मिक स्वर्गवास उनके पैतृक निवास स्थान- ग्राम गुजीपुर पर जनपद प्रतापगढ़ में गत शुक्रवार को प्रातः 9 बजे हो गया। आप विनम्रता, शालीनता, सेवा भाव एवं मिलनसारिता के धनी थे। सब को एकसाथ लेते हुए समाज को अग्रसरित करने में आपका भरपूर योगदान रहा। शनिवार को प्रातः उनका देहावसान संस्कार प्रयागराज में उनके सुपुत्रों, परिवार के अन्य सदस्यों एवं समाज के महासचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह की उपस्थिति में किया गया।

## मणिपाल हॉस्पिटल्स ने उन्नत गैस्ट्रो और आर्थोपेडिक देखभाल पर फोकस

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्वी भारत में बढ़ते गैस्ट्रो और मस्क्युलोस्केलेटल रोगों को देखते हुए, पूर्वी भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप की इकाई मणिपाल हॉस्पिटल, ढाकुरिया ने शनिवार को कांथी में अपनी प्रमुख पहल 'अन्वेषणा - मेडिकल एजुकेशन फॉर मीडिया' के तहत एक इंटरएक्टिव जागरूकता सत्र का आयोजन किया। सत्र में डॉ. गौतम दास, कंसल्टेंट - गैस्ट्रो, मणिपाल हॉस्पिटल, ढाकुरिया और डॉ. विक्रांत सिन्हा रॉय, एसोसिएट कंसल्टेंट - ऑर्थोपेडिक्स, मणिपाल हॉस्पिटल, ढाकुरिया उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने क्षेत्र में बढ़ रही पाचन तंत्र संबंधी समस्याओं और ऑर्थोपेडिक रोगों पर अपने विशेषज्ञ विचार साझा किए।

## एसआईआर के कथित आतंक से व्यक्ति ने की आत्महत्या

**मालदह :** जिले के हरिशचंद्रपुर एक नंबर ब्लॉक के कुशीदा ग्राम पंचायत अंतर्गत बालुभोट गांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान अबुल कलाम (52) के रूप में हुई है। वह बालुभोट गांव का निवासी था। परिवार के अनुसार, अबुल कलाम कई वर्षों तक रोजगार के सिलसिले में जयपुर में रहकर एक होटल में काम करता था। करीब एक साल पहले वह अपने घर हरिशचंद्रपुर लौट आया था। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में था। शनिवार की सुबह परिवार के लोगों ने उन्हें फंदे से लटका पाया। पुलिस ने शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## आरो मशीन का मंत्री अरूप राय ने किया उद्घाटन




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स विद्यालय में आईडीबीआई बैंक द्वारा प्रदत्त आरो मशीन का उद्घाटन राज्य के सहकारिता मंत्री अरूप राय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रभारी रूपा बनिक पीआई एवं पूर्व पार्षद मल्लिका राय चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय के क्लर्क मनोज कुमार राय ने बताया कि इसके रखरखाव की जिम्मेवारी भवानी मेमोरियल ट्रस्ट ने लिया है।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में धूमधाम और उत्साह के साथ तीसरी वार्षिक स्पोर्ट्स डे संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में अपनी प्रतीक्षित तीसरी वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या मौसमी महापात्रा और कृष्णदयाल एजुकेशन एंड रिसर्च अकादमी के अध्यक्ष आलोक तिबरेवाल द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। समारोह की भव्यता की शुरुआत एक सुरीली और बेहतरीन कोयर प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल भावना का प्रतीकात्मक प्रदर्शन गुब्बारे छोड़ने और स्पोर्ट्स फ्लैग फहराने के साथ और अधिक प्रकट हुआ। इसके बाद आयोजित मार्च पास्ट ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें सभी कंटिंजेंट्स ने अनुशासित और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति दी। जस्टिस प्रणब कुमार चट्टोपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि बिस्वजीत दे चौधरी, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध स्विमिंग कोच और विशिष्ट अतिथि सायनी घोष ने अपनी उपस्थिति से समारोह को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में सुशांत दास, तानिया सेन, डॉ. बिद्युनमला सलुंखे गुप्ता, सुष्मिता पाल और पूर्णिमा चटर्जी जैसी गणमान्य हस्तियां भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रिदमिक ड्रिल्स और कलात्मक गतिविधियां प्रस्तुत कीं।

### तेज रफ्तार से बस अनियंत्रित होकर पलटी, 13 यात्री घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के शालबनी थाना अंतर्गत भाटमोड़ इलाके में शनिवार की सुबह एक यात्री बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में कुल 13 यात्री घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत स्थानीय लोगों के अनुसार गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अत्यधिक तेज गति में थी, तभी चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और बस सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पीड़ाकाटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एम्बुलेंस के साथ-साथ स्थानीय टोटो की मदद से सभी घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### कलिम्पोंग में गहरे खाई में गिरी वाहन, दो की मौत व आठ अन्य घायल

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल के कलिम्पोंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर एक कार के लगभग 500 फुट गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार की शाम उस समय हुई, जब सिलीगुड़ी जा रही कार के चालक ने बिरिक दारा के पास भूस्खलन संभावित क्षेत्र में वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि हादस उस वक्त हुआ जब कार सवार लोग सिक्किम के गंगटोक से आ रहे थे। अधिकारी के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआईडीसीएल) के कर्मचारी और पुलिस दल मौके पर पहुंचे तथा बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि घायल हुए आठ लोगों को राम्बी अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को सिलीगुड़ी के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# मतदान अधिसूचना जारी होते ही सभी नाका चेकिंग प्वाइंट्स को सीसीटीवी के दायरे में लाने का फैसला

**कोलकाता :** वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कोलकाता के विलियमसन मैग्नर हॉल में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की पहल पर एक अहम समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के साथ अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, संयुक्त सीईओ, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा 22 से अधिक प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से छह



महीने पहले इस तरह की बैठक करना अनिवार्य होता है। उसी के तहत यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दिन से ही एक कंट्रोल रूम शुरू करने का निर्णय लिया गया, जिसे पूर्व-चुनावी तैयारियों का हिस्सा बताया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा और नियमित रूप से सूचनाओं का आदान-प्रदान करना होगा। चुनाव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां निर्वाचन विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही राज्य के सभी नाका चेकिंग प्वाइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनकी लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वॉड की गाड़ियों में भी जीपीएस के साथ कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी एकत्र करेंगे। जिला स्तर के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी निर्वाचन विभाग को भेजी जाएगी।

साथ ही, किन-किन विधानसभा क्षेत्रों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील माना जाएगा, उसकी एक अंतिम सूची राज्य स्तर पर तैयार की जाएगी। सभी विभागों को अपने कार्य-ढांचे और जिम्मेदारियों की सूची निर्वाचन विभाग के साथ साझा करने का भी निर्देश दिया गया है।

इन सभी तैयारियों की प्रगति की समीक्षा के लिए दो महीने बाद एक और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जोर देकर कहा कि सभी प्रवर्तन एजेंसियों को एकसमान नियमों के तहत और मिलकर काम करना होगा, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त तरीके से संपन्न कराया जा सके।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर कोहरे की तैयारी की समीक्षा, सभी एजेंसियों के साथ ड्राई रन आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी कोहरे के मौसम को ध्यान में रखते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कोहरा-तैयारी को लेकर एक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की। यह बैठक सभी संबंधित हितधारकों की भागीदारी के साथ समन्वित ड्राई रन के रूप में संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य कोहरे की स्थिति में उड़ान संचालन और यात्री प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों का आकलन करना था। बैठक के दौरान विभिन्न एजेंसियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया तथा कम दृश्यता के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिचालन चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान पर विचार किया गया।

बैठक में एयरलाइंस, भारत मौसम विज्ञान विभाग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों और अन्य आंतरिक विभागों के बीच बेहतर समन्वय और अग्रिम योजना पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने समय पर और सटीक मौसम संबंधी जानकारी के आदान-प्रदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे उड़ानों में देरी और यात्रियों की असुविधा को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही, यात्रियों के साथ



पारदर्शी और सक्रिय संवाद सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, ताकि उन्हें कोहरे के कारण उड़ानों में होने वाले बदलावों की जानकारी समय रहते मिल सके। इसके अलावा, कम दृश्यता के दौरान हवाई अड्डे के आसपास शहर की ओर यातायात और लेन प्रबंधन की समीक्षा की गई। राज्य पुलिस के साथ समन्वय को आवश्यक बताते हुए सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने और जाम की स्थिति से बचने पर चर्चा हुई। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोजन और पेय पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### राज्यपाल ने लोक भवन के एक द्वार का नाम बंकिम चंद्र चटर्जी के नाम पर रखने का लिया निर्णय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 साल पूरे होने उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले जश्न कार्यक्रमों की घोषणा की है। इसी के साथ राज्यपाल ने लोक भवन (पूर्व में राजभवन) के दक्षिण-पश्चिम द्वार का नाम बंकिम चंद्र चटर्जी के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। लोक भवन के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल रविवार को लोक भवन में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम में दक्षिण-पश्चिम द्वार का नाम औपचारिक रूप से बंकिम चंद्र चटर्जी के नाम पर रखेंगे। लोक भवन द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि रविवार को राज्यपाल वंदे मातरम की लौ को बनाऐ रखने के लिए लोक भवन में नित्यशिखा जलायेंगे। बयान में बताया गया कि समारोह की शुरुआत हुगली जिले के चुंचुड़ा में एक कार्यक्रम से होगी, जहां बंकिम चंद्र ने वंदे मातरम गीत लिखा था। बंडेल, चिनसुरा, हुगली से एक रंगारंग जुलूस निकाला जाएगा। वंदे मातरम थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में 150 जगहों पर आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में राज्यपाल स्वयं या लोक भवन के अधिकारी शामिल होंगे।

### संदेशखाली : गवाह के बेटे की रहस्यमय मौत मामले में शाहजहां का करीबी समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ एक आपराधिक मामले में प्रमुख गवाह भोला घोष के छोटे बेटे सत्यजीत घोष की रहस्यमय मौत के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान उत्तम सरदार उर्फ सुशांत के रूप में हुई है, जो संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस का एक कार्यकर्ता है और कभी शेख शाहजहां का करीबी सहयोगी था। बता दें कि उसे पिछले साल जनवरी में शाहजहां के आवास के सामने ईडी की टीम व केंद्रीय बलों पर हमले के सिलसिले में भी पहले गिरफ्तार किया गया था। सरदार, बशीरहाट जिला पुलिस द्वारा गवाह के बेटे की मौत के संबंध में गिरफ्तार किया गया दूसरा व्यक्ति है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में रुहुल कुद्दुस शेख नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। हालांकि, सरदार और रुहुल दोनों ही उन आठ व्यक्तियों में शामिल नहीं हैं जिनके नाम भोला घोष ने इस सप्ताह की शुरुआत में नैजाट थाने में दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में दिए थे। शिकायत में घोष ने आरोप लगाया था कि आठ व्यक्तियों ने सड़क दुर्घटना को रचने की साजिश रची थी, जिसमें उनका (भोला घोष का) निशाना बनने का दावा किया गया था, क्योंकि वह शाहजहां के खिलाफ एक महत्वपूर्ण गवाह हैं। लिखित शिकायत में पहले दो नाम शेख शाहजहां और उनकी पत्नी तसलीमा बीबी के हैं। सरदार और रुहुल की गिरफ्तारी के बाद, घोष ने दावा किया कि पुलिस उचित जांच नहीं कर रही है।

## अभिषेक बनर्जी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, बिल्कुल नहीं बनेंगे : सुकांत मजूमदार

- **केंद्रीय मंत्री ने ममता और अभिषेक को दुर्योधन और कुशासन का प्रतीक बताया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने शनिवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला है, और साफ शब्दों में कहा है कि अभिषेक बनर्जी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। इस दिन, कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय में भाजपा के मछुआरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं ज्योतिषी नहीं हूं, लेकिन एक बात पूरी तरह स्पष्ट है, अभिषेक बनर्जी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, बिल्कुल नहीं बनेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर तंज कसते हुए उन्हें दुर्योधन और कुशासन का प्रतीक बताया। उनका कहना था कि राज्य में शासन व्यवस्था पूरी तरह बिगड़



चुकी है और जनता इससे परेशान है। वहीं, मजूमदार ने ईडी और सीबीआई का भी जिक्र किया। उन्होंने इन एजेंसियों द्वारा अभिषेक बनर्जी की जांच किए जाने का भी संकेत दिया और कहा कि डायमंड हार्बर में जगह-जगह अभिषेक बनर्जी की तस्वीरें दिखती हैं, जिन पर लिखा रहता है कि अब झुकेगा नहीं'। इस पर तंज कसते हुए सुकांत ने कहा कि अब झुकेगा नहीं लिख देने से क्या ईडी और सीबीआई कार्रवाई नहीं करेगी? इतना ही नहीं, सुकांत मजूमदार ने लक्ष्मी भंडार योजना को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो लक्ष्मी भंडार योजना की राशि को और बढ़ाया जाएगा।

## हावड़ा नगर निगम में 1,400 संविदा कर्मियों के वेतन को लेकर उठा गंभीर विवाद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम में कार्यरत लगभग 1,400 संविदा आधारित ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के वेतन को लेकर गंभीर विसंगतियों का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता अमान श्रीवास्तव ने आरोप लगाया है कि निगम में पिछले कई वर्षों से सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों को वर्तमान में मात्र 12,000 से 14,000 तक का वेतन दिया जा रहा है, जो कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 1 मार्च 2024 को जारी अधिसूचना में निर्धारित मानकों से काफी कम है। इस मुद्दे को लेकर अमान श्रीवास्तव ने निगम आयुक्त, हावड़ा जिला के उप श्रम आयुक्त तथा नगर विकास एवं शहरी मामलों के विभाग के प्रधान सचिव को औपचारिक शिकायत भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। अपनी शिकायत में उन्होंने कर्मचारियों को सरकारी अधिसूचना के अनुरूप वेतन देने, पिछले वर्षों का बकाया तत्काल जारी करने और यह स्पष्ट करने की मांग की है कि इतने लंबे समय तक उचित वेतन क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निगम अधिसूचना को लागू करने में विफल रहता है तो वह कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी कदम उठाने को मजबूर होंगे और




आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी किया जाएगा। अमान श्रीवास्तव ने कहा कि यह मामला केवल वेतन का नहीं, बल्कि वर्षों से हो रहे शोषण, अन्याय और प्रशासनिक निष्क्रियता से जुड़ा है तथा मेहनत कर रहे कर्मचारियों को उनका वैधानिक अधिकार मिलना ही चाहिए।

## हावड़ा में मिड-डे मील की जगह छात्रों को दिया गया 5 रुपये के बिस्किट, माता-पिता ने किया विरोध प्रदर्शन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के दासनगर में बाल्टीकुरी प्राइमरी स्कूल में माता-पिता ने मिड-डे मील के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि स्कूल में चावल और दाल का बड़ा स्टॉक है। इसके बावजूद, छात्रों को रोजाना बिस्किट का एक छोटा पैकेट दिया जा रहा है। इसी वजह से शनिवार को माता-पिता ने हेडमिस्ट्रेस के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस घटना से इलाके में काफी हंगामा मच गया है। सूत्रों के अनुसार, बाल्टीकुरी प्राइमरी स्कूल में लगभग 400 छात्र और 14 शिक्षक हैं। स्कूल में खाना बनाने वाला और मिड-डे मील की सुविधा होने के बावजूद, आरोप है कि पका हुआ खाना नहीं दिया जाता है। माता-पिता ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले हफ्ते सिर्फ दो दिन पका हुआ खाना दिया गया था। और बाकी चार दिनों में छात्रों को पांच रुपये के बिस्किट के पैकेट दिए गए। शनिवार को भी छात्रों को बिस्किट के पैकेट दिए गए। इस बात का पता चलने पर माता-पिता गुस्से में आ गए। उन्होंने स्कूल की हेडमिस्ट्रेस अनामिका रॉय के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्हें कुछ समय के लिए स्कूल में ही रोक लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मिड-डे मील बनाने वाले खाना बनाने के बजाय अपने मोबाइल फोन देखने में व्यस्त रहते हैं। नतीजतन, बच्चों को भूखा रहना पड़ता है। स्कूल के कुछ शिक्षक भी माता-पिता से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में लगभग 40 बोरी चावल पड़ा हुआ है। अगर चावल बांटा नहीं गया तो कीड़े लगने से खराब हो सकता है। इस बारे में हेडमिस्ट्रेस अनामिका रॉय ने कहा कि स्कूल के चावल का ऑडिट हो चुका है। अगर सहायक शिक्षक शिक्षा विभाग से अनुमति ले लेते हैं, तो छात्रों को पहले की तरह कच्चा चावल दिया जा सकता है।

### आरपीएफ की सतर्कता से कालना स्टेशन पर ट्रेन में डकैती की योजना नाकाम, तीन गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपीएफ अधिकारियों की सतर्कता ने ट्रेन में डकैती की कोशिश को विफल कर दिया। हावड़ा डिवीजन के अंबिका कालना पोस्ट के अंतर्गत यह कार्रवाई 12 दिसंबर को मिशन यात्री सुरक्षा के तहत की गई। आरपीएफ अधिकारियों ने कालना स्टेशन के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से तीन अपराधियों को पकड़कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कादर अली शेख (19), गौतम मजूमदार (28) और दीपक बिश्वाश (28) के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से साइकिल चेन, लोहे की छड़ी और लोहे की चाकू बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अपराधियों का उद्देश्य चलती ट्रेनों में डकैती करना था। गिरफ्तार आरोपियों और बरामद सामान को जीआरपीएस/कालना के हवाले किया गया, जहां उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पश्चिम मध्य रेल
कोटा मण्डल
खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी, दि. 11.12.2025
भारत के राष्ट्रपति के लिये अथवा उनकी ओर से **वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.), प.म.रे., कोटा,** निम्न कार्य के लिये खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.: 1. निविदा संख्याः** ईएल/टीआरडी/50/30 (2025-26). **कार्य का नामः टीआरडी ओएचइ वर्क इन कनेक्शन विथ सुंडलाक डेवलपमेंट ऑफ सुंडलाक गुड्स शेड। कार्य की अनुमानित लागतः ₹** 97,20,687.50. **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 05.01.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकें: http://www.ireps.gov.in.** पता - वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा, प्रथम तल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### बी.आर सिंह अस्पताल का डॉक्टरों के लिए नैतिक मानकों पर जीसीपी ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर सिंह अस्पताल ने 12 दिसंबर को डॉक्टरों के लिए गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) ट्रेनिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य क्लिनिकल रिसर्च में नैतिक मानकों और नियामक अनुपालन को सुदृढ़ करना था। वर्कशॉप का संचालन बीआर अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. देबाशीष गुहा के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ डॉक्टर, सीनियर रेजिडेंट और पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यशाला में क्लिनिकल ट्रायल्स के क्षेत्र के विशेषज्ञों ने ज्ञान साझा किया। प्रमुख वक्ताओं में कोलकाता आईपीजीएमईआर के प्रोफेसर डॉ. अविजीत हाजरा, केपीसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. शुभ्रज्योति भौमिक और जेएमएन मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के डॉ. शम्बो सम्राट समद्दार शामिल रहे। कार्यशाला के अंत में पोस्ट-टेस्ट मूल्यांकन कर सीखने के परिणामों को सुदृढ़ किया गया और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यशाला ने क्लिनिकल ट्रायल्स में नैतिक व्यवहार, प्रतिभागियों की सुरक्षा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने के महत्व पर विशेष जोर दिया।

### मालदह डिवीजन में ट्रैक मेंटेनेंस कार्य को लेकर ट्रेनों के समय में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजन के अंतर्गत सुजनीपाड़ा और जंगीपुर रोड स्टेशनों के बीच ट्रैक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य के कारण कुछ यात्री ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। इसके तहत, 15 दिसंबर को 53053 कटवा-निमटीटा पैसेंजर ट्रेन को अपने निर्धारित समय से 90 मिनट बाद तथा 53027 अजीमगंज-मालदह टाउन पैसेंजर ट्रेन को 30 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेनों के संशोधित समय की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। यह परिवर्तन ट्रैक रखरखाव कार्य को सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा करने के उद्देश्य से किया गया है।

### मुर्शिदाबाद में दो अलग-अलग स्थानों से 100 से अधिक बम बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक ही रात में लगभग 100 से अधिक बम बरामद हुआ है। कहीं बम सड़क के किनारे झाड़ी में पड़ा था, तो कहीं विस्फोटक ड्रमों में भरकर मिट्टी के नीचे दबाए गए थे। मुर्शिदाबाद में लगातार बमों की बरामदगी की इन घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, इस सिलसिले में किसी की गिरफ्तारी की कोई खबर नहीं है। बताया गया है कि शुक्रवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बेलडांगा थाना क्षेत्र के काजिशा गांव में छापा मारा। वहां दो ड्रमों में भारी मात्रा में साकेट बम रखे हुए थे। उन ड्रामों में 89 साकेट बम थे। इसके बाद, इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया और बमों को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को सूचित किया गया। इसी तरह शुक्रवार की रात को ही पुलिस की एक अन्य टीम ने जालंगी थाना क्षेत्र के घोषपाड़ा ग्राम पंचायत के बुधगाड़ी सिशाग्राम में छापेमारी की। तलाशी के दौरान एक पीले नायलान बैग में 10 साकेट बम मिले। इसके अलावा, सालर में भी साकेट बम मिले हैं। पुलिस को सड़क किनारे एक झाड़ी में पांच बम मिले। बाद में, इन बमों को निष्क्रिय कर दिया गया। किसने और क्यों बम जमा किया था इसका पता लगाया जा रहा है।

### नदिया में भाजपा के समर्थन से तृणमूल ने जीतीं पंचायत समिति की दो सीटें, वाममोर्चा उम्मीदवार को हराने के लिए तृणमूल और भाजपा ने मिलाया हाथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। इन सबके बीच नदिया जिले में पंचायत समिति के कार्यालय पदाधिकारियों के चुनाव में अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला, जब वाममोर्चा के उम्मीदवार को हराने के लिए तृणमूल और भाजपा ने हाथ मिला लिया। भाजपा के समर्थन से तृणमूल ने नदिया के तेहट्ट-1 पंचायत समिति के वन, भूमि और कंस्ट्रक्शन संबंधी कार्यालय पदाधिकारियों के दो खाली पदों पर हुए चुनाव में दोनों सीटें जीतने में कामयाब रही। इस घटनाक्रम पर वाममोर्चा ने भगवा दल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह एक बार फिर साबित हो गया है कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस भाजपा की बी टीम है। वाममोर्चा के नेता तृणमूल पर भाजपा की बी टीम होने का लगातार आरोप लगाते रहे हैं। मालूम हो कि इससे पहले राज्य के विभिन्न जिलों में पंचायत बोर्ड के गठन और सहकारी समितियों के चुनाव में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस को हटाने के लिए वामदल और भाजपा एक साथ आ चुके हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब कम महत्वपूर्ण माने जाने वाले पंचायत समिति के चुनाव में वाममोर्चा को हराने के लिए तृणमूल व भाजपा ने हाथ मिलाया है। एक स्थानीय तृणमूल नेता का तर्क है कि ऐसा गठजोड़ स्थानीय परिस्थिति के आधार पर होता है, जिसमें कोई बुराई नहीं है।

### फर्जी पासपोर्ट रैकेट मामला : ईडी ने छह आरोपितों के खिलाफ दाखिल की पूरक चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट रैकेट मामले में ईडी ने कोलकाता स्थित विशेष अदालत में छह आरोपितों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की है। ईडी का कहना है कि आरोपितों ने आयकर रिटर्न के दस्तावेजों में नाम और पैन बदलकर नए सिरे से पासपोर्ट के लिए आवेदन सैकड़ों लोगों के पासपोर्ट बनवाए थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने इस मामले में पहले आजाद मल्लिक नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, जो पाकिस्तान का नागरिक है। जांच के दौरान पता चला कि वह बांग्लादेश के रास्ते भारत आया था। आजाद की गिरफ्तारी के बाद उसके संपर्कों की कड़ी से अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। इस गिरोह ने लगभग 300 फर्जी पासपोर्ट तैयार किए थे। मुख्य आरोपितों में एक तथा आजाद मल्लिक का सहयोगी इंदुभूषण हालदार को 14 अक्टूबर को नदिया से गिरफ्तार किया गया था। उस पर 2016 से पासपोर्ट रैकेट से जुड़े होने का आरोप है। वह आजाद मल्लिक के लिए फर्जी पासपोर्ट तैयार करने में भी शामिल था। यह रैकेट पिछले वर्ष के अंत में उजागर हुआ, जब क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने संदिग्ध दस्तावेजों की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने प्रारंभिक जांच में रैकेट का भंडाफोड़ किया और लगभग 10 लोगों को गिरफ्तार किया। ईडी का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय संबंधों की भी जांच की जा रही है।

### लोड टेस्टिंग के लिए चार दिन बंद रहेगा तारातला फ्लाइओवर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेतु के लोड टेस्टिंग के लिए शनिवार से मंगलवार तक तारातला फ्लाइओवर बंद रखा जाएगा। लोक निर्माण विभाग और कोलकाता पुलिस की ओर से अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी गई है। जारी की गई अधिसूचना से पता चला है कि शनिवार की दोपहर 3.30 बजे से सेतु को बंद रखा गया है। काम 16 दिसंबर रात 11.59 बजे तक चलेगा। इस पूरी अवधि के दौरान तारातला फ्लाइओवर बंद रहेगा। काम चलने के दौरान यातायात पुलिस की ओर से वाहन चालकों को तारातला क्रॉसिंग से बचकर चलने के लिए कहा गया है। फ्लाइओवर के बंद रहने के दौरान पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की सलाह दी है। बेहाला से अलीपुर की ओर आने वाली गाड़ियों को करुणामयी सेतु होकर आने-जाने की सलाह दी गई है। वहीं, अलीपुर से बेहाला की ओर जाने वाली गाड़ियों को दुर्गापुर सेतु, हाइड रोड और न्यू अलीपुर होकर चलने के लिए कहा गया है। पुलिस ने यात्रियों से इन वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और सहयोग करने की अपील की है। संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेतु की लोड टेस्टिंग की जा रही है। इस परीक्षण के लिए 4 दिनों तक फ्लाइओवर को पूरी तरह बंद रखा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा है कि यह परीक्षण सेतु की मजबूती और सुरक्षा जांचने के लिए जरूरी है। यातायात पुलिस ने यात्रियों से इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

### कोलकाता पुलिस की पहल उत्सर्ग के तहत 1273वां रक्तदान शिविर आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की पहल 'उत्सर्ग' के तहत 1273वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शनिवार को तालतला थाना परिसर में आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने स्वेच्छा से भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना रहा। इस अवसर पर तालतला थाने के प्रभारी अधिकारी बिरेश्वर रॉय ने बताया कि 'उत्सर्ग' कार्यक्रम के माध्यम से कोलकाता पुलिस लगातार सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल जीवन रक्षक रक्त उपलब्ध कराने में सहायक है, बल्कि समाज और पुलिस के बीच आपसी विश्वास को भी मजबूत करती है। इस दौरान विकास जायसवाल उपस्थित रहे।

### जैन श्वेतांबर पंचायती मंदिर के ट्रस्टी राजकुमार बोथरा का 82 वर्ष में निधन



**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन श्वेतांबर पंचायती मंदिर के ट्रस्टी, काशी विश्वनाथ सेवा समिति के पूर्व महामंत्री राजकुमार बोथरा का शनिवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। उनके निधन से जैन समाज सहित शहर के सामाजिक और धार्मिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री बोथरा का अंतिम संस्कार आज यानी 14 दिसंबर को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास 1/2 बावली मंडल रोड, कालीघाट, मुदीअली, कोलकाता-26 से केवड़ातला के लिए प्रस्थान करेगी। अपने पीछे वह भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोकाकुल परिवार में उनके पुत्र-पुत्रवधू राजेश एवं अनु बोथरा, पुत्री-दामाद सेठिया, मोनिका एवं सिद्धार्थ बागचर, पौत्र मानवी बोथरा तथा नाती-नातिन सलोनी, रौनक, मेघना, यश, श्रेयांश और ऋषभ शामिल हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
[illegible]
1. कार्य का नाम: बिलासपुर मंडल के 01 "एनएसजी-4" श्रेणी रेलवे स्टेशनों में एक (01) वर्ष की अवधि के लिए और 01 "एनएसजी-5" एवं 18 "एनएसजी-6" श्रेणी रेलवे स्टेशनों में तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए एसटीबीए की नियुक्ति हेतु निविदा। 2. स्टेशन का नाम: एनएसजी "4"- अकलतरा। एनएसजी "5"- अपरामनगर। एनएसजी "6"- दधोरा, कोरीहांड, लोरहा, मुढ़रिया, सिंगपुर, बिलासपुरकला रोड, पाराघाट, दरीटोला, मौहारी, घुटकू, हिमगिर, भाटापारा, कोटरलिया, बेलपहाड़, सारागांव, बंधवापारा, ब्रजराजनगर और ईब। 3. अनुबंध की अवधि: एनएसजी "4"- एक वर्ष, एनएसजी "5"- तीन वर्ष, एनएसजी "6"- तीन वर्ष। 4. अमानत राशि: एनएसजी "4"- रुपये 10,000/-, एनएसजी "5"- रुपये 5,000/-, एनएसजी "6"- रुपये 2,000/-. 5. निविदा प्रपत्र का मूल्य: निःशुल्क. 6. निविदा प्रारंभ की तिथि: 15.12.2025. 7. निविदा प्रपत्रों को जमा करने की तिथि व समय: 06.01.2026 के 11:00 बजे से 15.30 बजे तक. 8. निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 06.01.2026 के 16:00 बजे.
नोट: यदि, अंतिम तिथि एक सरकारी छुट्टी या घोषित छुट्टी किसी भी कारण के लिए होती है तो, निविदाएं को अगले कार्य दिवस पर खोला जाएगा।
निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संबंधित स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर, कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क करें एवं निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट "www.secr.indianrailways.gov.in" पर उपलब्ध है उसमें डाउनलोड कर सकते है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
सीपीआर/10/539 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर / टी.आर.एस. / पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है:-
**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम**
**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2025-Ovh-Aux-Conv, कार्य का नामः "लोको शेड, गोण्डा में 01 वर्ष के लिये पारंपरिक विद्युत इंजनों की सहायक मोटरों की मरम्मत और ओवरहालिंग।" अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 48,26,348.48, निविदा की अवधिः 12 माह, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 96,500/-
♦ ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः 03-01-2026, 12:00 बजे। ♦ इस ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। ♦ निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**नोटः- (1)** इस ई-निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।
मंविइं / टीआरएस, लोको शेड, गोण्डा
मुजाधि / विद्युत-214
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

मेट्रो रेलवे, कोलकाता
**दिनांक 15.12.2025 (सोमवार) से परीक्षण के आधार पर जय हिन्द बिमानबंदर से शहीद खुदीराम तक सीधी ट्रेन सेवाएं**
यात्रियों के फायदे के लिए, परीक्षण के आधार पर सोमवार से शुक्रवार तक जय हिन्द बिमानबंदर से शहीद खुदीराम तक दो (02) अदद सीधी ट्रेन सेवाएं चलाई जायेंगी।
**पहली ट्रेन → जय हिन्द बिमानबंदर (प्रस्थान सुबह 9.36 बजे) से शहीद खुदीराम तक (नोआपाड़ा होकर)।**
**दूसरी ट्रेन → जय हिन्द बिमानबंदर (प्रस्थान रात 9.00 बजे) से शहीद खुदीराम तक (नोआपाड़ा होकर)।**
इन दोनों ट्रेनों के जरिये जय हिन्द बिमानबंदर से शहीद खुदीराम तक यात्रा करने पर यात्रियों को नोआपाड़ा में ट्रेन बदलनी नहीं पड़ेगी।
प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
अनुलग्नक-I
पार्सल इ-ऑक्शन- COM/BSP/E-AUCTION/PARCEL/25
एसएलआर में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है।

| कैटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी आरंभ | लॉट क्रमांक/कैटेगरी | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| पार्सल-एसएलआर--बीएसपी | (पार्सल) | 24.12.2025 15:30 | 18242-एसएलआर-आर1-ABKP-DURG-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | एसएलआर कोचिंग में पार्सल स्पेस (सिंगल कम्पार्टमेंट) | 03 वर्ष |
| | | | 18236-एसएलआर-एफ1-BSP-BPL-25-2 (पार्सल-एसएलआर) | | |
| | | | 12849-एसएलआर-आर1-BSP-PUNE-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | | |
| | | | 22647-एसएलआर-एफ1-KRBA TVCN-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | | |
| | | | 18247-एसएलआर-आर1-BSP-REWA-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | | |
| | | | 11202-एसएलआर-आर1-SDL-NGP-25-1 (पार्सल-एसएलआर) | | |

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
सीपीआर/10/544 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर



डॉ। एस। के। सैनी

# अन्नपूर्णा देवी मंदिर, वाराणसी

## हमारी अनजानी धरोहर 85

हमारे देश की भी अद्भुत सांस्कृतिक विरासत हैं। यहां पर अलग-अलग धर्म और संप्रदाय हैं और उनके मंदिर मठ गुरुद्वारा पूजा स्थल अलग-अलग रूपों में विद्यमान है। हिंदू धर्म में अनेक देवी देवताओं के मंदिर हैं किंतु अन्नपूर्णा देवी जो पार्वती देवी का ही एक रूप है उसका मंदिर दुर्लभ है और बहुत कम लोग जानते हैं कि यह मंदिर वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर की गली में ही आगे जाकर अन्नपूर्णा देवी मठ के अंदर स्थित है और यह मंदिर 18 वीं शताब्दी में 1729 मे मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम के द्वारा निर्मित किया गया था। उन्होंने दान देकर के यह मंदिर यहां पर बनवाया अन्नपूर्णा देवी अन्नप्रदान करने वाली देवी है। यह देवी भोजन यानि विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ, 56 भोग जो कहा जाता है फल फूल, मेवे, मिष्ठान सब प्रदान करने वाली देवी है यानी कि किसी स्त्री में भोजन बनाने की कला है यानी वह पाककला में निष्णात है तो माना जाएगा, कहा जाएगा कि यह साक्षात अन्नपूर्णा है।

कई बार हम अतिथि के यहां भोजन करने के पश्चात खुश होकर तृप्त होकर संतुष्ट होकर बोलते हैं अन्नदाता सुखी भव यह हमारा आभार है, उस घर के प्रति, गृहपति के प्रति, जो जिसके यहां मैं भोजन किया और गृहलक्ष्मी देवी के प्रति जो अन्नपूर्णा देवी है।जिन्होंने वह भोजन बनाया।

अन्नपूर्णा देवी का यह मंदिर अपने आप में अद्भुत है और बहुत कम लोग जानते हैं काशी विश्वनाथ मंदिर



को तो पूरा भारत जानता है किंतु अन्नपूर्णा देवी के मंदिर को बहुत कम लोग जानते हैं यह अन्नपूर्णा देवी मंदिर ज्यादा बड़ा मंदिर नहीं है किंतु उसे देखने से, देवी की प्रतिमा देखने से उसकी भव्यता का एहसास होता है और आंखें श्रृद्धांजलि से झुक जाती हैं यानी हम उस देवी की आराधना कर रहे हैं जिनके प्रताप से,आशीर्वाद से हम अपने परिवार का भांति भांति अन्न, फल फूल,मिष्ठान से भरण पोषण करते हैं।

कई बार लोग कहते हैं कि वास्तु इस तरह से होना चाहिए कि घर में धन-धान्य की कमी नहीं रहे तो वह अन्नपूर्णा देवी का ही आशीर्वाद है कि उस घर में कभी भी खाद्य पदार्थों की कमी नहीं आती है।

पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान शिव ने खाद्यान्न और भोजन को माया कह कर तिरस्कृत कर दिया।इससे उनकी संगिनी पार्वती नाराज हो गई और उन्होंने संपूर्ण संसार से भोजन को गायब करवा दिया। अब ऐसे में प्राणी हाहाकार करने लगे। भूख से व्याकुल होकर मरने लगे। तब भगवान शंकर को एहसास हुआ सुधा का और सुधा की तृप्ति का।तब उन्होंने एक क्षमा मांगी और पार्वती देवी ने अन्नपूर्णा देवी के रूप में प्रकट होकर,उन्होंने समस्त पृथ्वी को धन्य भांति -भांति के फल फूलों से मिष्ठानों से भर दिया आज भी हम देखते हैं कि जंगलों में कई सारे फल और फूल लगे रहते हैं उन्हें पशु पक्षी और भूख से व्याकुल मानव और साधु लोग भी कहते हैं। यह अन्नपूर्णा देवी का ही आशीर्वाद है।

# बुढ़ापे से मुलाकात

सुबह-सुबह किसी ने
दरवाजा खटखटाया
धीरे से मैं बुदबुदाया
इतना सुबह-सुबह कौन आया

माँ ने कहा दरवाजा खोल दे
दूध वाला आया होगा
दरवाजा खोला
सामने एक अजनबी खड़ा था
मैंने पूछा आप कौन
उसने मुझे ऊपर से नीचे तक नापा
फिर धीरे से कहा- मैं बुढ़ापा
और मुझे लगभग ढकेलते हुए कहा-
मुझे अंदर आने दो
मैंने कहा अभी नहीं,
अभी मेरी उम्र ही क्या हुई
आपका अंदर आना मुश्किल है
बुढ़ापा हँस कर बोला कोशिश बेकार है
अब मुझे रोक पाना नामुमकिन है



मैंने कहा अभी कुछ दिन रहने दे
अभी तक तो मैं
परिवार के लिए जीता रहा
अब मुझे कुछ दिन समाज के लिए
और कुछ दिन अपने लिए जीने दे
बुढ़ापा मुस्कराया
अगर ऐसी बात है तो जा
तू जी ले अपनी जिन्दगी
तू यूँही हँसता हँसाता रहा
तो तेरा कोई काम नहीं अटकेगा
तेरी उम्र बढ़ती रहेगी
पर बुढ़ापा पास नहीं फटकेगा।

तब तक भीतर से आवाज आई
कौन है बेटा ?
माँ! बुढ़ापा है, मेरे पास आना चाहता है
माँ ने कहा - पूछ पगला गया है क्या
इतना भी नहीं समझ सकता है
अरे! जिसकी माँ जिंदा हो,
उसका बेटा बूढ़ा कैसे हो सकता है

माँ को नमन करके लौटते हुए
बुढ़ापा ने मुझसे कहा-
अगर तू यूँही माँ की सेवा करता रहा
और अपने दोस्तों के साथ हँसता रहा
तो उम्र ढलती रहेगी
अनुभव बढ़ता रहेगा
पर बुढ़ापा पास नहीं आयेगा
बुढ़ापा तेरे पास नहीं आयेगा।

# बच्चे की जिज्ञासा शांत करें

आशीष वशिष्ठ



उम्र बढ़ने के साथ-साथ बच्चे की जिज्ञासा भी बढ़ती है क्योंकि बच्चा अपने चारों ओर प्रतिदिन नई-नवेली वस्तुएं देखता है तो स्वभाववश उनके बारे में जानने, समझने की भावना भी उसके मनोमस्तिष्क में जागृत होती है। ऐसे में अभिभावकों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे बढ़ते बच्चे की जिज्ञासा को समुचित, संतुलित तरीके से उत्तर देकर शांत करें। उसे कदापि गलत, भ्रामक या अधकचरी जानकारी न दें।

मनोचिकित्सकों का मानना है कि बच्चे के दिमाग की पिटारी प्रश्नों से लबालब भरी होती है। अगर सही तरीके से उसकी जिज्ञासा को शांत नहीं किया जाता है तो बच्चा कुंठित व अवसादग्रस्त हो जाएगा या वो अंतर्मुखी स्वभाव व दब्बू प्रवृत्ति का भोंदू हो जाएगा। उसमें प्रश्न व तर्क शक्ति का प्रारंभ से ही गला घुट जाएगा तो भविष्य में जिज्ञासु प्रवृत्ति का स्वामी नहीं बन पाएगा और बिना जिज्ञासा के ज्ञान व विद्याअर्जन कर पाना संभव नहीं है।

उम्र के साथ जिज्ञासाएं बढ़ती व बदलती जाती हैं। ऐसे में जब बच्चे की जिज्ञासाएं घर की चारदीवारी में पूरी तरह से शांत नहीं हो पातीं तो वे बाहर अपने सीनियर या दोस्तों से ही उसकी जानकारी प्राप्त करेगा जो उसी के स्तर के या थोड़ा अधिक समझ, जानकारी के मालिक होंगे अर्थात बाहर से उसे अपूर्ण, अधकचरी व गलत जानकारी मिलने की संभावना अधिक है। एक बार जो छवि बच्चे के कच्चे मनो-मस्तिष्क में बन गई, उसकी छाया सारी जिन्दगी उसका पीछा ही करती रहेगी। आधी-अधूरी व कच्ची-पक्की जानकारी आपके बच्चे का कैरियर चैपट कर सकती है, इसलिए बेहतर यही होगा कि अभिभावक बच्चे की जिज्ञासा को शांत मन से सुनें व पूरे मनोयोग से उसकी शंका, जिज्ञासा का निवारण करें। जानकारी के अभाव में 'बाद में बताऊंगा' कह सकते हैं। ज्ञान प्रदर्शन के चक्कर में अप्रमाणित व अर्धसत्य जानकारी कदापि न दें।

प्रारंभ का अपना अधिकांश समय बच्चा घर में ही व्यतीत करता है। अभिभावक व भाई-बहन ही बच्चे के प्रथम मित्र होते हैं। अगर आप स्वस्थ, सहयोगी वातावरण का निर्माण करेंगे तो बच्चा कदापि अपनी जिज्ञासा का हल ढूंढने इधर-उधर नहीं भटकेगा, वहीं आपके असहयोगी व्यवहार के कारण वह आपसे बचेगा व आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेगा। इस प्रकार का आचरण व व्यवहार दोनों पक्षों के लिए किसी भी स्तर पर लाभप्रद नहीं होगा।

अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चे को सहयोगी, मित्रातापूर्ण व स्वस्थ वातावरण प्रदान करें जिससे वह अपने प्यारे मम्मी-पापा से अपने दिल की बात बेहिचक, बेलगाम होकर कह पाए और अपने हर प्रश्न का उत्तर पा सके। जब घर का वातावरण सुखद होगा तो आपका बच्चा उत्तर की तलाश में कही मारा-मारा नहीं फिरेगा व एक उन्नत व्यक्तित्व का स्वामी बनेगा। (उर्वशी)

# जाड़े के मौसम में रूसी से बालों की सुरक्षा



नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

सर्दियां आते ही बालों की समस्या भी गंभीर रूप ले लेती है क्योंकि ठंडी हवा के थपेड़ों से बालों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में लाख कोशिशों के बावजूद हम बालों की उचित देखभाल नहीं कर पाते जबकि बालों में भी एक खास आकर्षण होता है।

खूबसूरत बालों की चाहत मनुष्य में बचपन से ही होती है, खासकर युवा वर्ग अपने बालों के प्रति अधिक सचेत रहते हैं। सर्दी में बालों की मुख्य समस्या रूसी होती हैं। अन्य क्या-क्या समस्याएं आती हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है आइये इस पर डालते हैं एक नजर।

✳ बालों में रूसी हो जाना एक सामान्य सी समस्या है। यह आधुनिक रहन-सहन की देन है। सर्दियों में गर्म पानी से बाल धोने तथा बालों को सूखा रखने के फैशन के कारण रूसी हो जाना एक सामान्य सी बात है।

✳ इस मौसम में सिर को बहुत ही कम धोना, सुगंधित हेयर क्रीम अथवा कई प्रकार के शैंपू का अत्यधिक उपयोग भी रूसी को जन्म देता है। रूसी से मुंहासे, आंखों की पलकें तथा कान के बाहरी भाग में कई प्रकार की समस्या आ जाती है, इसलिए समय रहते इसका उपचार भी जरूरी है।

✳ बालों को धोने से पहले ब्रश करना चाहिए ताकि इससे रूसी ढीली पड़ जाए और कंघी से रूसी को निकाल सकते हैं। बालों को उंगलियों के पोर से नियमित मालिश भी कर भी रुसी बाहर आ जाती है और रुसी का कीड़ा भी मर जाता है।

✳ रूसी की समस्या से निजात पाने के लिए कोई भी तेल लगाकर टॉवल से बालों को भाप दें। इसके लिए तौलिये को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें, फिर सिर पर लपेटें। ऐसा चार-पांच बार करें। इससे सिर का रक्तसंचार बढ़ता है।

✳ रूसी से छुटकारा पाने के लिए मुल्तानी मिट्टी में एक चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें। बालों में लगाने के एक घंटे बाद उन्हें धो लें।

✳ रूसी हटाने के लिए आलिव आयल में कुछ बूंदें अदरक के रस की डालकर उसे बालों की जड़ों में लगाएं। इसके बाद शैंपू करें। इससे भी रूसी हटाने में सफलता मिलेगी।

✳ सर्दियों के मौसम में लोग खासकर महिलाएं बालों को बहुत ही कम धोती हैं। इस मौसम में सप्ताह में कम से कम दो बार शैंपू अवश्य लगायें और कंडीशनिंग भी करें। कंडीशनर का प्रयोग जरूर करें क्योंकि बालों में नमी रहती है और कंडीशनर उस नमी को बनाए रखता है। इससे बालों में चमक आती है।

✳ बालों में महीने में एक-दो बार नींबू का रस लगाकर स्नान करें। इससे बालों में सुन्दरता एवं मजबूती आती है। इससे बालों का झड़ना बंद हो जाता है।

✳ बालों को असमय पकने, सफेद होने से बचाने के लिए एक ही तरह का साबुन एवं एक ही तरह के तेल का प्रयोग करना चाहिए ताकि बाल असमय सफेद न हो सकें।

✳ बालों में समय-समय पर मेंहदी लगाने से बालों की सुन्दरता एवं चमक भी बढ़ती है। (उर्वशी)

# खाना बनाना समस्या न समझें

ललिता वर्मा

सुधा जब भी खाना बनाती है उसके सामने यह समस्या रहती है कि वह क्या बनाए। इस विषय में जब वह अपने पति तथा बच्चों की राय जानना चाहती है तो वह लोग सिर्फ यह कह देते हैं कि कुछ भी बना लो, हम वही खा लेंगे लेकिन जब वह अपनी पसंद से कुछ भी बना लेती है तो घर के लोग खाने को देखते ही नाक मुंह सिकोड़ लेते हैं जिस कारण सुधा परेशान हो जाती है और यह सोचने पर मजबूर हो जाती है कि खाना बनाना भी एक समस्या है।

इस तरह की समस्या सिर्फ सुधा के सामने ही नहीं बल्कि कई गृहणियों के समक्ष उपस्थित होती है। भारतीय संस्कृति में तो प्रत्येक गृहिणी का अधिकांश समय रसोईघर में ही बीतता है। इस परेशानी से बचने के लिए महिलाओं को चाहिए कि वे एक दिन बैठकर सभी सदस्यों की राय जानकर प्रत्येक सदस्य की पसंद के अनुसार लिस्ट बना लें। यह लिस्ट ऐसी होनी चाहिए जिसमें सुबह के नाश्ते से लेकर रात्रि के भोजन तक का मैन्यू होना चाहिए।

◆ मैन्यू बनाने के पश्चात आप इतना जरूर करें कि प्रत्येक सप्ताह इस मैन्यू में कुछ न कुछ परिवर्तन करती रहें , जैसे यदि किसी सप्ताह में आप सूखी सब्जियां रख रही हैं तो अगले सप्ताह आप तरीदार सब्जियों को प्राथमिकता दे सकती हैं।

◆ अपने मैन्यू में राजमा, सफेद लोबिया, कढ़ी-चावल, छोले इत्यादि को विशेष स्थान दें क्योंकि ये चीजें बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी बहुत पसंद आती है। साथ ही सोयाबीन की बड़ियां, चाप्स तथा दालों को भी स्थान दें।

◆ खाने की मेज पर खाने के साथ-साथ पापड़ चटनी तथा सलाद भी रखें। इसके अलावा आप रायता भी अपने मैन्यू में शामिल कर सकते हैं।

◆ खाने की मेज पर खाना परोसते समय सजावट का भी विशेष ध्यान दे।

◆ खाने का मैन्यू तैयार करते समय बच्चों की पसन्द का भी विशेष ध्यान रखें। बच्चों को फास्ट फूड बेहद पसंद होते हैं इसलिए सप्ताह में एक दो बार उन्हें भी अवश्य स्थान दें। (उर्वशी)



# जरा चाल पर भी ध्यान दें



विजेन्द्र कोहली

जैसे चेहरा दिल का दर्पण होता है वैसे ही चाल हमारे व्यक्तित्व का दर्पण होती है अतः हमें अपनी चाल पर भी ध्यान देना चाहिए। थोड़े से प्रयास से हम अपनी चाल में सुधार ला सकते हैं जैसे-

● चलते समय, बातें करते वक्त हाथ इधर-उधर नहीं घुमाने चाहिएं।

● अकेले चलते समय अपने आप से बातें नहीं करनी चाहिएं। इससे आप के अव-चेतन मन में चल रही हलचल प्रदर्शित होती है।

● बूट, चप्पल या स्लीपर घसीट कर नहीं चलना चाहिए। इससे आपके बेपरवाह एवं मूर्ख होने का आभास होता है।

● बार बार इधर-उधर या पीछे नहीं देखना चाहिए।

● नीचे पत्थर, फिसलन और रास्ता देख कर चलना चाहिए। गिरने पर आप हंसी का पात्रा बन सकते हैं।

● चलते वक्त आप के बूट के तस्मे बंधे होने चाहिए। खुले तस्मे होने पर आप गिर सकते हैं।

● गर्दन अकड़ा कर या नीचे करके न चलें। बांहें पहलवान छाप फैला कर न चलें। टांगें चैड़ी करके न चलें।

● चलते समय सांस नाक द्वारा लें। इससे आपको थकान नहीं होगी। ग्रुप में चलते समय सारी सड़क घेर कर मत चलें। (उर्वशी)

# छिलके बड़े काम के



अनुज राम साहू

तरबूज के छिलकों को मोटा-मोटा काटकर उन्हें धूप में सुखा लीजिए। अब इन सूखे हुए छिलकों को जब चाहे, घी में तलकर नमक मिर्च, खटाई आदि मिलकर चाय के साथ नाश्ते के रूप में खाएं।

▲ आलू परवल की सब्जी बनाते वक्त परवल के छिलकों को पीसकर मसाला भूनते वक्त डाल दें। इससे सब्जी का रस गाढ़ा हो जाएगा और स्वाद भी बढ़ जाएगा।

▲ संतरे के छिलकों का पाउडर व एक चम्मच दूध में मिलाकर चेहरे पर लगायें। चेहरे पर चमक और नई कांति आ जाएगी। संतरों के छिलकों को छांव में सुखाकर महीन पीस लें और चूर्ण को शीशी में भरकर रख लें। अब रोज रात्रि को शयन से पूर्व एक चुटकी चूर्ण में दो-तीन बूंद मिलाकर चेहरे पर लगायें। बाद में सवेरे ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

▲ मीठे अनार का छिलका पानी में उबाल कर कुल्ला करने से मुंह की बदबू दूर हो जाती है। नारंगी के ताजे छिलके और चिरौंजी को कूटकर या पीसकर लेप बना लें। इस लेप को सोते वक्त मुंह पर लगाने और सूखने पर पोंछकर सुबह मुंह धोने से मुंहासे ठीक हो जाते हैं और रंग भी निखर जाता है।

▲ नींबू के छिलकों पर एक चुटकी पिसा हुआ नमक लगातार इससे बर्तन साफ करने से बर्तन आसानी से साफ हो जाते हैं और वे नये बर्तनों की तरह चमकने लगते हैं। नहाते समय चेहरे पर नींबू का छिलका मलने से चेहरे का मैल साफ हो जाता है। नारंगी, नींबू के छिलकों, सूखी नीम की पत्तियों के साथ हींग या गंधक रखकर धूप देने से मच्छर भाग जाएंगे। नींबू के छिलकों को धूप में सुखाकर बारीक पीस लें। दांत साफ सुंदर व चमकीले बनाकर पायरिया दूर करता है।

▲ अखरोट के छिलके को महीन पीसकर दांतों में सुबह-शाम मंजन करने से दांत मजबूत होते हैं। अगर मसूड़ों से खून आता है तो प्रतिदिन दिन में तीन बार मंजन करना चाहिए। यदि खून निकले तो निकलने दें। दांतों के कीड़े नष्ट हो जाते हैं और मसूड़ों की सूजन और टीस मिट जाती है।

▲ नारियल के छिलकों को फेंकने के बजाय संभालकर गोलाई से काटें और मटकी आदि पर ढकने के उपयोग में लें। छिलके के बीचोंबीच सावधानी से छेद करने पर इसके द्वारा जलेबियां, इमरतियां बनाई जा सकती हैं।

▲ पके केले के छिलकों को पानी में उबालकर उसमें से पानी को निकाल दीजिए। अब इसमें बेसन,मसाला, हरी मिर्च, हरा धनियां, अदरक आदि मिलाकर उनकी मोटीमोटी गोलियां बना लीजिए तथा घी में धीमी आंच पर पूरा होने तक तलें। अब इन गर्मागम कोफ्तों को चटनी या सॉस के साथ खुद खाएं और मेहमानों को भी परोसें। (उर्वशी)

# सर्दियों में भी निखरे दुल्हन का चेहरा

आरती रानी



प्रत्येक नारी के जीवन में एक ऐसा दिन आता है जो उसके लिए अधिक महत्त्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय पल आजीवन के लिए बन जाता है। यह पल होता है-दुल्हन बनने का। शादी से पहले हर स्त्री की यही चाहत होती है कि जब वह दुल्हन के परिधानों में सज संवरकर शादी के मण्डप में बैठे तो सबसे अधिक खूबसूरत एवं आकर्षक दिखाई दे। उस दिन वह बिल्कुल ही पारंपरिक भारतीय लुक में सौम्य व सुन्दर दिखना चाहती है।

शादी का मौसम कड़कड़ाती ठंड का हो तो दुल्हन की सजावट की कल्पना ठंड के चलते फीकी भी पड़ सकती है। ठंड में होंठ फट जाते हैं, नाक लाल हो जाती है और रोम-रोम को पिया से पहले ही सर्दी जकड़ लेती है। ऐसे में दुल्हन की त्वचा भी शुष्क हो जाती है। अगर आपकी शादी भी ठंड में ही हो रही है तो परेशान बिल्कुल मत होइए क्योंकि आप कुछ खास उपाय और हिदायतों को शादी से पहले अपनाकर सर्दियों में भी निखरी त्वचा पाकर गर्व से मण्डप पर बैठ सकती हैं।

❈ रात में चिरौंजी तथा केसर को दूध में भिगोकर रख दें तथा सुबह इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर पन्द्रह से बीस मिनट तक लगा कर छोड़ दें। सूखने पर हल्के हाथों से मलकर साफ कर लें। ऐसा करने से चेहरे पर प्राकृतिक चमक आ जाती है और उस पर ठंड का कोई असर नहीं पड़ता।

❈ मसूर की धुली हुई दाल के साथ एक चम्मच जई तथा कुछ गुलाब की पंखुड़ियों को एक चम्मच बादाम के पाउडर के साथ मिलाकर दूध एवं शहद के साथ मिलाकर अच्छी तरह पीस लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर सूखने तक लगाए रखकर, बाद में पानी से धो लें। ऐसा करने से आप की त्वचा कांतिमय हो उठेगी।

❈ गर्म पानी की भाप भी सर्दियों में चेहरे पर निखार लाती है क्योंकि भाप रोमछिद्रों की अच्छी तरह से सफाई कर देती है। इस मौसम में पानी खूब पिएं जिससे शरीर में उत्पन्न होने वाली नमी की कमी दूर हो सके। हल्की धूप में बैठना भी फायदेमन्द हो सकता है।

❈ सर्दी के मौसम में त्वचा का फटना आम बात है, इसलिए रात को सोते समय सबसे पहले होंठों पर वैसलीन, चेहरे पर कोल्ड क्रीम तथा शरीर के अन्य भागों पर विंटर केयर लोशन लगाना नहीं भूलना चाहिए।

❈ चेहरे को निखारने के लिए ऐसा लोशन चुनना चाहिए जिसमें विटामिन 'ई' तथा विटामिन 'सी' प्रचुर मात्रा में शामिल हो जिससे चेहरे की चमक लंबे समय तक बनी रहे। इस मौसम में वाटर बेस्ड मेकअप का इस्तेमाल करना लाभप्रद होता है। इससे चेहरे की नमी बरकरार रहती है।

❈ सौन्दर्य संबंधी देखभाल में पैरों का भी ख्याल रखना आवश्यक होता है, इसलिए एड़ियों को प्यूमिक स्टोन से रगड़कर साफ करना चाहिए तथा उनकी नियमित कोल्ड क्रीम से मसाज भी करते रहनी चाहिए।

❈ आंवले के रस में शहद मिलाकर दिन में तीन बार तक चाटते रहने पर सर्दी में आपकी त्वचा कोमल बनी रहेगी। अश्वगन्धा का चूर्ण बराबर मिश्री के साथ मिलाकर गर्म दूध या पानी के साथ लेते रहने से आपका सौन्दर्य बरकरार रहेगा। पानी में उचित परिमाण में नींबू का रस तथा सेंधा नमक मिलाकर पानी को गुनगुन कर लें। इस पानी को सुबह एवं रात में नियमित रूप से सेवन करते रहने पर त्वचा की कोमलता सर्दी में भी बनी रहती है।

❈ शीतऋतु में च्यवनप्राश, ब्रह्मरसायन, आमलक रसायन, शतावरीघृत, पिप्पली रसायन, त्रिफला रसायन, शिलाजीत रसायन, मकरध्वजवटी, बसन्त कुसुमाकर रस, पुष्पधन्वा रस, पूर्णचन्द्र रस, मन्मथरस, अश्वगन्धारिष्ट, द्राक्षासव आदि में से किसी एक का प्रयोग शरीर को स्वस्थ बनाये रखता है। अपने शहर के चिकित्सक की सलाह लेकर उपरोक्त औषधियों का सेवन किया जा सकता है।

❈ उपरोक्त उपायों को अपनाकर दुल्हन सर्दी के मौसम में भी चमकता हुआ, खिलखिलाता हुआ चेहरा लेकर शादी के दिन पारंपरिक पोशाक में मण्डप पर बैठकर शादी की शान बन सकती है और जीवन के यादगार क्षण को बिना तनाव बिता सकती है। (उर्वशी)

## होंठों का आकर्षण बढ़ाएं

सुंदर सी मुस्कान सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। एक मुस्कान से आपके बिगड़े हुए काम भी बन जाते हैं। मुस्कुराहट को खूबसूरत बनाने में होंठ बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये अत्यंत ही कोमल व संवेदनशील होते हैं, अतः इनकी सही तरीके से देखभाल करना जरूरी है। हम दे रहे हैं कुछ उपयोगी टिप्स जिनके द्वारा आप अपने होंठों को खूबसूरत बना सकती हैं-

✳ दो बूंद ग्लिसरीन व एक टी स्पून मलाई मिला कर होंठों पर लगाइए। होंठ फटेंगे नहीं।

✳ फटे होंठों को ठीक करने के लिए सबसे उत्तम उपाय है जायफल, हल्दी व ताजा मक्खन बराबर मात्रा में मिलाकर लगाइए।

✳ गुलाब की पत्तियों व मलाई को मिलाकर फेंटिए व होंठों पर लगाइए।

✳ लिपस्टिक लगाने के पूर्व कोल्ड क्रीम या लिप बाम लगाइए।

✳ होंठों को चिकना और गुलाबी बनाने के लिए गुलाब की पत्तियों को पीसकर लगाइए।

✳ इस तरह आपके होंठों की सुरक्षा भी होगी और आपकी सुंदरता में भी वृद्धि होगी। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: कुछ मीठा हो जाए




शिखा चौधरी

नमकीन खाने का स्वाद तब और ज्यादा बढ़ जाता है जब साथ में कुछ मीठा भी होता है। मीठा भी ऐसा जो खाते ही शरीर में ऊर्जा भर दे। आइए जानें कुछ नये-नये मीठे व्यंजन।

### चावल की रसमलाई

बचे हुए चावल- 2 कटोरी
दूध- 1/2 लिटर
चीनी- 250 ग्राम
घी तलने के लिए
सजाने के लिए ड्राई फ्रूट्स

**विधि:-**

सबसे पहले चावलों को मिक्सी में दरदरा पीस लें। फिर उसकी छोटी-छोटी टिक्की बनाकर तल लें और ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें।

दूध को आंच पर रखकर उबलने दें। जब वह गाढ़ा हो जाए तो उसमें चीनी मिलायें। फिर उसमें चावलों की टिक्की डालकर 5 मिनट पकाएं। फिर गैस बंद कर दें। टिक्की अपने अंदर दूध व चीनी सोख लेगी।

अब इन्हें फ्रिज में रख दें। ठंडा होने पर ड्राई फ्रूट्स से सजाकर सर्व करें।

### मिठाई की आइसक्रीम

**सामग्री**

मावे की मिठाई 1/2 किलो
दूध - 1 लिटर
चीनी इच्छानुसार
हरी इलायची - 2 पिसी हुई

**विधि:-**

दूध को गरम करने के लिए आंच पर रख दें। हल्का गरम होने पर उसमें से एक कटोरी दूध निकाल लें। अब निकाले गए दूध में इलायची और मिठाई डालकर मिक्सी में अच्छी तरह फेंट लें। इस मिश्रण को बचे दूध में डालकर उबाल लगाएं। फिर उसमें चीनी डालकर घोलें। ठंडा करके फ्रीजर में जमाने के लिए रख दें। जम जाने पर निकाल लें। आइसक्रीम तैयार है।



### मीठे चावल

चावल - 2 कटोरी पके हुए
काजू - 5
किशमिश - 25 ग्राम
पिस्ता - 8 दाने
लौंग - 4
चीनी - 3 चम्मच
देशी घी - 2 चम्मच छोटे
दूध - 4 बड़े चम्मच
इलायची पाउडर - 1 चुटकी

**विधि:-**

कड़ाही में देसी घी गरम करके चावल, किशमिश, लौंग, इलायची पाउडर और चीनी मिलाकर 7-8 मिनट तक भूनें, अब उसमें दूध मिलाकर भूनें। जब चीनी घुल जाये तो चावल आंच से उतार लें। अब उसमें काजू, पिस्ता, आदि डालकर ढक दें। 5 मिनट बाद गरमागरम परोसें। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### अब मध्यप्रदेश के नक्सल मुक्त इलाकों को विशेष पैकेज देंगे, आदर्श जिले बनाएंगे: मुख्यमंत्री मोहन यादव

**भोपाल :** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के नक्सल मुक्त होने के बाद शनिवार को कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों को विशेष पैकेज देकर आदर्श जिलों के रूप में विकसित करेगी ताकि वे प्रदेश के अन्य समृद्ध जिलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में यादव ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान उसने नक्सलवाद की चुनौती को नजरअंदाज किया जबकि उनकी ही पार्टी के कई नेता इसके शिकार बने। अब नक्सल मुक्त हो चुके मध्यप्रदेश के इलाकों के लिए सरकार की योजना के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''नक्सलवाद से प्रभावित रहे बालाघाट, मंडला और डिंडोरी के लिए हम विशेष पैकेज लेकर आ रहे हैं और अच्छी योजनाएं बना रहे हैं।''

### अरुणाचल प्रदेश: दुर्घटना स्थल से 11 और शव बरामद किए गए

**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में एक गहरी खाई से शनिवार को ग्यारह और शव बरामद किए गए, जहां असम के 22 मजदूरों को ले जा रहा एक मिनी-ट्रक गिर गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अंजॉ के उपायुक्त मिलो कोजिन ने बताया कि दुर्घटनास्थल से अब तक कुल 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को तीन और शव निकाले जाएंगे। एनडीआरएफ और सेना की संयुक्त टीम द्वारा संचालित यह अभियान सुबह छह बजे फिर से शुरू हुआ।कोजिन ने कहा, खाई गहरी होने के कारण शव निकालने की प्रक्रिया बेहद मुश्किल थी। उन्होंने बताया कि कम दृश्यता के कारण शाम करीब चार बजे अभियान रोक दिया गया था और इसे रविवार सुबह फिर से शुरू किया जाएगा।

### गुजरात के कच्छ जिले में 3.9 तीव्रता का भूकंप आया

**अहमदाबाद :** गुजरात के कच्छ जिले में शनिवार को 3.9 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप का झटका दोपहर 2:47 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के गढ़शीशा से 13 किलोमीटर उत्तर उत्तर-पूर्व (एनएई) में था।
कच्छ में इस माह रिक्टर पैमाने पर तीन से अधिक तीव्रता का महसूस किया गया यह पांचवा भूकंप है। आईएसआर के अनुसार, शुक्रवार को जिले में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया, जबकि बुधवार को 3.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।

### नक्सल रोधी कार्रवाई में 92 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, शहरी नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ:सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने विभिन्न एजेंसियों की समन्वित कार्रवाई के तहत 92 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर नक्सलियों की आर्थिक जीवनरेखाओं को काफी हद तक संकुचित कर दिया है। शनिवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई से अर्बन नक्सलियों को भी गंभीर नैतिक व मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा है और उनके सूचना नेटवर्क पर नियंत्रण कड़ा कर दिया गया है। मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सल-मुक्त बनाने के दृढ़ लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में एक समर्पित प्रकोष्ठ का गठन किया है। इस प्रकोष्ठ ने 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्य के प्राधिकारियों ने अतिरिक्त 40 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 12 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

# अगले पांच वर्षों में बस्तर संभाग भारत का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बन जाएगा : अमित शाह

**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने छत्तीसगढ़ के सात जिलों वाले बस्तर संभाग को अगले पांच वर्षों में देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से किसी को फायदा नहीं होता- न तो हथियार उठाने वालों को और न ही सुरक्षाकर्मियों को, और केवल शांति ही विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने एक बार फिर इस बात पर बल दिया कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। शाह ने राज्य के बस्तर जिले



के मुख्यालय जगदलपुर में इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक-2025 खेल आयोजन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए माओवादियों से अनुरोध किया कि वे हथियार डाल दें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 31 मार्च, 2026 से पहले पूरे देश से 'लाल आतंक' को खत्म करने का फैसला किया है, यह लक्ष्य अब प्राप्ति के करीब है। शाह ने कहा,''आज मैं बस्तर में आया हूं तब मुझसे ज्यादा आनंद किसी व्यक्ति को नहीं हो सकता है। हमने तय किया था कि 31 मार्च 2026 के पहले पूरे देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे, और आज बस्तर ओलंपिक 2025 में हम इसके कगार पर खड़े हैं। मैं 2024 में भी आया था, 2025 में भी आया हूं और 2026 में भी आऊंगा, यह मेरा वादा है। परंतु, जब मैं 2026 में बस्तर ओलंपिक के लिए पहुंचूंगा, तब तक छत्तीसगढ़ और पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो चुका होगा।''

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ सीमावर्ती गांव में लगेगा 105 फुट ऊंचा तिरंगा

**जम्मू :** सेना ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में 105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की आधारशिला रखी। अधिकारियों ने बताया कि यह ध्वज नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकटवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक होगा। एक रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी ने बांदीचेचियां गांव के बनवत व्यू पॉइंट पर इसकी आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित तिरंगे को राष्ट्रीय गौरव की मशाल और राष्ट्र की रक्षा में दिए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि यह साहस और जुझारूपन का एक स्थायी प्रतीक भी बनेगा। इस ध्वज का उद्घाटन आगामी गणतंत्र दिवस पर करने की योजना है। इस समारोह में स्थानीय ग्रामीण और सेना के जवान शामिल हुए।

## असम: पाकिस्तान से संबंधों के आरोप में भारतीय वायु सेना का सेवानिवृत्त जवान गिरफ्तार



**तेजपुर :** असम के सोनितपुर जिले में पाकिस्तानी जासूसों से संबंधों के आरोप में भारतीय वायु सेना के एक सेवानिवृत्त जवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिचरण भूमिज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी जासूस के साथ संवेदनशील दस्तावेज और जानकारी साझा की थी। पुलिस ने उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। भूमिज ने बताया कि उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, हालांकि कुछ डेटा को 'डिलीट' किया जा चुका है। आरोपी भारतीय वायुसेना में जूनियर वारंट ऑफिसर था और 2002 में तेजपुर के सलोनीबारी बेस से सेवानिवृत्त हुआ था। बाद में वह तेजपुर विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में शामिल हो गया, लेकिन फिर उसने नौकरी छोड़ दी।

## शिवराज पाटिल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**लातूर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल का शनिवार को महाराष्ट्र के लातूर जिले में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे लातूर में पाटिल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। पाटिल लिंगायत समुदाय के एक प्रमुख सदस्य थे। उन्हें लातूर से छह किलोमीटर दूर वरवंती गांव में उनके खेत में, ध्यान की मुद्रा में बैठी हुई स्थिति में दफनाया गया। यह लिंगायत अनुष्ठान इस मान्यता पर आधारित है कि मृतक की आत्मा तुरंत शिव में विलीन हो जाती है और पुनर्जन्म के चक्र के अधीन नहीं होती है, इस प्रकार आत्मा को शरीर से मुक्त करने के लिए दाह संस्कार की आवश्यकता नहीं होती है। बिरला ने पाटिल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्द्धन सपकाल और लातूर से लोकसभा सदस्य शिवाजी कोलगे भी पाटिल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अंतिम संस्कार से पहले पाटिल को बंदूकों की सलामी दी गई। बिरला ने कहा कि पाटिल ने सामाजिक और राजनीतिक में सात दशकों तक देश की सेवा की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, उन्होंने विभिन्न पदों का प्रतिनिधित्व किया।

## तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की जीत, क्या केरल की पहली महिला आईपीएस बन पाएंगी महापौर





**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ और कांग्रेस नीत विपक्षी यूडीएफ को चौंकाते हुए शहर के नगर निकाय में जीत हासिल की है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या केरल की पहली महिला आईपीएस अधिकारी यहां से भाजपा की पहली महापौर बनेंगी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की सेवानिवृत्त अधिकारी आर श्रीलेखा पर सभी की नजरे टिकी हैं कि क्या भाजपा उन्हें नगर निगम का नेतृत्व करने के लिए चुनेगी, जो चार दशकों से अधिक समय तक वामपंथियों का गढ़ रहा था। भाजपा ने इस चुनाव में वाम दलों के इस किले को ध्वस्त कर दिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में दो चरणों में हुए चुनावों में डाले गए वोटों की गिनती शनिवार को शुरू हुई। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सस्थामंगलम डिवीजन से जीत हासिल करने वाली श्रीलेखा को महापौर पद के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चेहरे के रूप में पेश किया गया है। दशकों तक कांग्रेस और वामपंथी नेतृत्व वाले गठबंधनों के प्रभाव वाले इस दक्षिणी राज्य में भाजपा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए नतीजों के लिए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। श्रीलेखा ने कहा, ''मुझे जानकारी मिली है कि सस्थामंगलम वार्ड में इससे पहले किसी भी उम्मीदवार को इतनी बढ़त नहीं मिली है... हम इस फैसले के लिए जनता को धन्यवाद देते हैं।''

## 76 रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली :** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने देश के 76 रेलवे स्टेशनों पर विकसित किए जा रहे होल्डिंग एरिया की प्रगति की समीक्षा की। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन के बाद केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस मॉडल को अन्य स्टेशनों पर भी शीघ्र लागू किया जाए। देशभर में प्रस्तावित होल्डिंग एरिया मॉड्यूलर डिजाइन पर आधारित होंगे और निर्माण में स्थानीय परिस्थितियों का ध्यान रखा जाएगा। इनका उद्देश्य यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करते समय टिकटिंग सहित बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और नियंत्रित प्रवेश के माध्यम से भीड़ प्रबंधन को सुदृढ़ करना है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दिवाली और छठ पर्व के दौरान भारी भीड़ को नव-विकसित होल्डिंग एरिया के माध्यम से सफलतापूर्वक संभाला। मात्र चार माह में तैयार यह स्थायी होल्डिंग एरिया एक समय में 7,000 से अधिक यात्रियों को समायोजित करने में सक्षम है। इसे टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग- तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। यहां 150-150 पुरुष व महिला शौचालय, टिकट काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें तथा निःशुल्क आरओ पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

## वंदे भारत ट्रेनों में मिलेंगे स्थानीय व्यंजन, फर्जी खातों पर कार्रवाई से टिकटिंग में सुधार

**नई दिल्ली :** वंदे भारत ट्रेनों में अब यात्रियों को स्थानीय व्यंजनों का स्वाद मिलेगा। यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से सभी ट्रेनों में लागू की जाएगी। यह जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दी। बैठक में रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों से वंदे भारत ट्रेनें गुजरती हैं, वहां के प्रमुख स्थानीय व्यंजन यात्रियों को परोसे जाएँ। इससे यात्रियों के सफर का अनुभव बेहतर होगा और उन्हें क्षेत्रीय



संस्कृति व स्वाद से परिचित होने का अवसर मिलेगा। भविष्य में इस सुविधा को अन्य ट्रेनों में भी विस्तार दिया जाएगा। बैठक में टिकट बुकिंग के दौरान फर्जी पहचान के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने बताया कि सख्त पहचान सत्यापन प्रणाली लागू होने से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। आईआरसीटीसी वेबसाइट पर नए यूज़र आईडी बनने की संख्या घटकर प्रतिदिन लगभग 5,000 रह गई है, जबकि पहले यह संख्या करीब एक लाख प्रतिदिन थी। भारतीय रेल अब तक 3.03 करोड़ फर्जी खातों को निष्क्रिय कर चुकी है। वहीं 2.70 करोड़ यूज़र आईडी को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है या निलंबन के लिए चिन्हित किया गया है। मंत्रियों ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टिकटिंग प्रणाली को और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि वास्तविक यात्रियों को सुविधा मिल सके।

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में यौन उत्पीड़न रोकथाम पर सेमिनार



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम-2013 (झजडक) के विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन 11 दिसंबर 2025 को सेमिनार हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा और नैतिक आचरण के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करना था। सेमिनार में मुख्य व्याख्यान सेवानिवृत्त डीआईजी रतन कुमार श्रीवास्तव ने दिया, जिन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से अधिनियम के प्रावधानों और उसके व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र रहे। इसके अतिरिक्त आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीव-स्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में शिकायत निवारण प्रक्रिया, कर्मचारियों के अधिकार एवं दायित्वों पर चर्चा की गई। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिससे सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## शादी के सीजन में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का बड़ा कदम, शानदार 'विवाह कलेक्शन' हुआ लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने शादी के सीजन को देखते हुए अपना नया वेडिंग विवाह कलेक्शन पेश किया है। दुल्हनों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सोना, हीरा, प्लेटिनम, सिल्वर, गॉसिप व जेमस्टोन ज्वेलरी के आकर्षक डिजाइन इस कलेक्शन में शामिल किए गए हैं। कलेक्शन को बॉलीवुड अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी प्रमोट कर रही हैं। डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग ज्योति सेन ने कहा,भारतीय शादी सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने ग्राहकों के खास पलों को और यादगार बनाएं। इस कलेक्शन की हर ज्वेलरी हमारे अनुभवी कारीगरों की महीन कला का प्रमाण है। हम चाहते हैं कि हर परिवार अपनी पसंद की ज्वेलरी को बजट के अनुरूप खरीद सके, इसलिए हमने अत्यंत लाभदायक ऑफर्स भी जोड़े हैं। एमडी एवं सीईओ सुवांकर सेन ने कहा, ग्राहकों के अनुभव को उत्कृष्ट बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस शादी सीजन में हम न केवल मेकिंग चार्ज में आकर्षक छूट दे रहे हैं, बल्कि डायमंड, गॉसिप और जेमस्टोन पर भी स्पेशल ऑफर्स लागू किए गए हैं। हम मानते हैं कि ज्वेलरी सिर्फ एक खरीदारी नहीं, बल्कि जीवन के सबसे महत्वपूर्ण उत्सवों में एक भावनात्मक निवेश है-इसलिए हम चाहते हैं कि ग्राहक अधिकतम लाभ उठाएं और संतोष के साथ अपने सपनों की ज्वे-लरी चुनें। सभी ऑफर्स 14 नवंबर से 14 दिसंबर 2025 तक सेनको के शोरूम और वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। ऑफर्स में, गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 35% तक छूट, डायमंड वैल्यू पर 20% तक छूट, पुराने सोने पर 0% डिडक्शन, गॉसिप ज्वेलरी पर 15% तक छूट और 5 लाख की खरीद पर 10 लाख तक ज्वेलरी वाउचर जीतने का अवसर है। इसके अलावा, शादी के लिए विशेष बंडल पैकेज भी पेश किए गए हैं, जो 5 लाख (गोल्ड) और 3 लाख (डायमंड ज्वेलरी) से शुरू होते हैं, ताकि हर बजट वाले ग्राहक अपनी पसंद के अनुरूप खरीदारी कर सकें।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में गिल की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें

**धर्मशाला :** भारतीय टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में उतरेगी, जहां सबकी निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। संजू सैमसन की जगह टीम में शामिल किए गए गिल अब तक टी20 प्रारूप में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। टी20 विश्व कप में अब सिर्फ छह सप्ताह शेष हैं और यदि गिल शेष मुकाबलों में लय हासिल नहीं कर पाए, तो टीम प्रबंधन अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है। धर्मशाला में ठंडे मौसम और तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान गिल दोनों की फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही भारतीय बल्लेबाजों को चुनौती दे चुका है और श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। क्विंटन डिकॉक, एडन मारक्रम, डेविड मिलर और यानसन जैसे खिलाड़ियों की



मौजूदगी से दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी मजबूत नजर आ रही है। भारतीय टीम के पास विश्व कप से पहले सीमित मैच बचे हैं, ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सही संयोजन चुनना चुनौतीपूर्ण होगा। गिल को चयन समिति के फैसले को सही साबित करने के लिए कम से कम दो मैचों में बड़ी पारी खेलनी होगी, अन्यथा टीम बदलाव के लिए मजबूर हो सकती है।

**टीम इस प्रकार हैं:**

भारत: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन। दक्षिण अफ्रीका: एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोन-ोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपामला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय बल्लेबाजों में भूमिका की कमी दिखी: उथप्पा

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को मुल्लनपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गयी। इस 51 रन की हार के साथ पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गयी। उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया।

### टी20 विश्व कप के टिकट बिक्री पोस्टर पर अपने कप्तान की तस्वीर शामिल नहीं करने से पीसीबी खफा

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है। सूत्र ने कहा, ''कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।'' उन्होंने बताया कि पीसीबी की एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से बात करने के बाद ही स्थिति में बदलाव आया। उन्होंने कहा, ''इस बार भी हमें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में हमारे कप्तान की तस्वीर नहीं लगाई है।'' उन्होंने कहा कि भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है।

### मेस्सी के आज मुंबई दौरे के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है : पुलिस

**मुंबई :** अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के रविवार को मुंबई दौरे को देखते हुए शहर की पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं और अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम के भीतर पानी की बोतलें, धातु की वस्तुएं और सिक्के ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ने कहा कि इनके साथ ही भीड़ पर नजर रखने के लिए 'वॉच टावर' भी लगाए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की भगदड़ जैसी स्थिति से बचने और शनिवार को कोलकाता में मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

## अधिकांश खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी को तैयार हैं : तिलक वर्मा

**धर्मशाला :** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलेपन पर जोर देने वाले टीम प्रबंधन से सहमति जताते हुए शनिवार को कहा कि अधिकांश खिलाड़ी मैच हालात को देखते हुए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिये तैयार हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच रविवार को यहां खेला जायेगा। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर भारत मध्यक्रम में प्रयोग कर रहा है। तिलक ने कहा कि इस प्रारूप में हालात के अनुकूल ढलना सबसे अहम है। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' सलामी बल्लेबाजों को छोड़कर सभी किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। मैं तीसरे से छठे नंबर तक कहीं भी खेल सकता हूं, जहां टीम को मेरी जरूरत हो।'' उन्होंने कहा ,'' हर टीम को लगता है कि कोई फैसला रणनीति की दृष्टि से जरूरी है तो सभी उसके साथ होते हैं।'' तिलक ने कहा कि ऐसे फैसले हालात को देखकर लिये जाते हैं। उन्होंने कहा ,'' एक मैच खराब हो सकता है। अक्षर पटेल ने



यहां अच्छा प्रदर्शन किया। यह हालात पर निर्भर करता है।'' उन्होंने कहा कि ठंडे मौसम के बावजूद धर्मशाला की पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है। उन्होंने कहा ,'' मैं यहां पहले भारत के लिये अंडर 19 श्रृंखला खेल चुका हूं। हम विकेट को देख रहे हैं और लगता है कि काफी रन बनेंगे।'' शाम सात बजे शुरू होने वाले मैच में ओस की भूमिका के लिये टीम मानसिक तौर पर तैयार है। तिलक ने कहा ,'' टॉस हमारे हाथ में नहीं है। हम ओस की चुनौती का सामना करने के लिये तैयार हैं और हल्की गीली गेंद से अभ्यास किया है। यहां मौसम काफी ठंडा है लेकिन हम शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार हैं। मानसिक रूप से मजबूत लोग हर जगह जीतते हैं।''

वर्ष 10, पूर्णांक 3442 अंक 252, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

उपभोक्ता मामले,
खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
भारत सरकार

भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय

# सोने की खनक
या
# चांदी की चमक

22K916 AAAAAA
भारतीय मानक ब्यूरो का मानक चिन्ह
कैरट और शुद्धता
6 अंको का यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड

SILVER 990 AAAAAA
भारतीय मानक ब्यूरो का मानक चिन्ह 'SILVER' शब्द के साथ
शुद्धता ग्रेड
6 अंको का यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड



शुद्धता का भरोसा सिर्फ
# हॉलमार्क

HUID सत्यापित करने के लिए डाउनलोड करें
बीआईएस केयर ऐप

**चांदी के आभूषणों के लिए भारतीय मानक IS 2112:2025 के अनुरूप हॉलमार्किंग 1 सितम्बर 2025 से लागू**